Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/सरगुजा/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक - 261 सोमवार, 25 जुलाई 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

द्वेष और कपट त्याग दो।संगठित होकर दूसरे की सेवा करना सीखो,यही हमारे देश की पहली आवश्यकता है।

-स्वामी विवेकानंद-

## बड़े नेताओं के लिए हमेशा राजनीति से परे हैं:मोदी

**नई दिल्ली , 24 जुलाई 2022।** राष्ट्रपति चुनाव हो या उप राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चयन, भाजपा के हर कदम को अलग अलग क्षेत्र और वर्ग में अपने विस्तार की नजर से देखा जाता है। यही कारण है की सोमवार को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के स्तंभ रहे हरमोहन सिंह यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली वर्चुअल मौजूदगी को भी राजनीतिक चश्मे से देखा जा रहा है।

लेकिन एक पहलू यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की पार्टियों से परे विभिन्न राजनीतिक नेताओ से गहरे संबंध रहे हैं और ऐसे नेताओं को वह विशेष सम्मान देते रहे हैं। मुलायम सिंह यादव, एच डी देवेगौड़ा, शरद पवार जैसे कई नेताओं को प्रधानमंत्री सार्वजनिक रूप से एक कदम आगे बढ़कर सम्मान देते रहे हैं, यह जानते हुए की उनकी विचाराधारा पार्टी अलग है।



उत्तर प्रदेश में भाजपा के खिलाफ एक धुरी के रूप में मौजूद सपा के अस्तित्व में हरमोहन सिंह यादव की अहम भूमिका थी। यही कारण है की प्रधानमंत्री मोदी के होने वाले संबोधन की बहुत उत्सुकता से प्रतीक्षा की जा रही है। इससे इंकार भी नहीं किया जा सकता है की यादव गढ़ में भी भाजपा के प्रति आकर्षण दिखने लगा है और प्रधानमंत्री के भाषण के बाद यह और प्रबल हो।

लेकिन ऐसे उदाहरण भी भरे पड़े हैं जब मंशा राजनीतिक नहीं रही है।खुद मुलायम सिंह यादव को जन्मदिन की बधाई देना प्रधानमंत्री कभी नहीं भूलते हैं। 2015 में प्रधानमंत्री सैफ़ाई भी गए थे। हाल में पटना के दौरे पर उन्होंने तेजस्वी यादव से मुलाकात होने पर सबसे पहले लालू प्रसाद के स्वास्थ्य के बारे में पूछा था। लगभग पांच साल पहले जब तमिलनाडु में सहयोगी अन्ना द्रमुक की सरकार थी तो प्रधानमंत्री द्रमुक के बीमार नेता करुणानिधि से मिलने उनके घर पहुंच गए थे।

शरद पवार के गृह क्षेत्र बारामती भी वह दो बार गए हैं। देवेगौड़ा तो तब प्रशंसा करते नहीं अघा रहे थे जब मोदी दरवाजे से बाहर आ कर उन्हें थामते हुए अंदर कमरे में ले गए थे। दरअसल कुछ दिन पहले ही देवेगौड़ा ने चुनौती दी थी कि मोदी सरकार बन गयी तो वह इस्तीफ़ा दे देंगे। देवेगौड़ा जब मिलने आए थे तो उनके घुटने में दर्द था और इसीलिए प्रधानमंत्री खुद हाथ थामकर ले गए थे।

दलों की राजनीति से परे हटकर हर दल के ऐसे लोगों को सम्मानित करने में भी मोदी सरकार आगे बढ़ती दिखी जिनका देश के लिए योगदान रहा। पूर्व राष्ट्रपति और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रणव मुखर्जी को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से इसी सरकार ने नवाजा। कांग्रेस के ही दो वरिष्ठ नेताओं तरूण गोगोई और गुलाम नबी आजाद को हाल ही में पद्म भूषण सम्मान प्रदान किया गया।

## 19 साल बाद भारत को मिला मेडल,नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास,जीता सिल्वर मेडल

**टोक्यो, 24 जुलाई 2022।** टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की भालाफेंक स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रचा। अमेरिका के यूजीन में खेली जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने गोल्ड जीता वहीं नीरज दूसरे नंबर पर रहे और सिल्वर मेडल हासिल किया।



इस चैम्पियनशिप में नीरज के अलावा रोहित यादव भी फाइनल में उतरे थे। रोहित यादव 10वें नंबर पर रहते हुए फाइनल में मेडल की रेस से बाहर हो गए। दुनिया के नंबर-1 जेवलिन थ्रोअर एंडरसन क्वालिफाइंग राउंड में 89.91 मीटर दूर तक भाला फेंककर फाइनल में पहुंचे थे, वह टॉप पर रहे थे। यह करीब करीब 90 मीटर के ही पास है, जबकि दूसरे नंबर पर रहे नीरज ने क्वालिफाइंग राउंड में 88.39 मीटर दूर भाला फेंका था। बता दें19 साल बाद भारत को मेडल हासिल हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के लिए खतरनाक : राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 24 जुलाई 2022।** युवाओं को सैनिक बना कर देश की सेवा करने का अवसर देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में अग्निपथ भर्ती योजना की शुरुआत की है। लेकिन इस योजना को लेकर देश भर में विरोध किया गया। विरोध के बीच केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना के नियमों में बदलाव कर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है लेकिन इस योजना का विरोध अब भी जारी है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर रविवार को एक बार फिर हमला किया और कहा कि उनका यह प्रयोग राष्ट्रीय सुरक्षा और युवाओं के भविष्य के लिए खतरनाक है। राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के साथ कैसे खिलवाड़ करेगी इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में हर साल 60 हजार सैनिक रिटायर्ड होते हैं लेकिन मुश्किल से तीन हज़ार पूर्व सैनिकों को ही सरकारी नौकरी मिल पाती है।

राहुल गांधी ने ट्वीट किया 60 हजार सैनिक हर साल रिटायर होते हैं, उनमें से सिर्फ तीन हज़ार को सरकारी नौकरी मिल रही है। चार साल के ठेके पर हज़ारों की संख्या में रिटायर होने वाले अग्निवीरों का भविष्य क्या होगा। प्रधानमंत्री की प्रयोगशाला के इस नए प्रयोग से देश की सुरक्षा और युवाओं का भविष्य दोनों खतरे में हैं।

### दिल्ली में भी मंकीपॉक्स की दस्तक, डब्लूएचओ ने दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों से सर्विलांस बढ़ाने को कहा

**नई दिल्ली ,24 जुलाई 2022।** मंकीपॉक्स लगातार कई देशों में फैल रहा है। इसे देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बीमारी को हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। इसके साथ ही रविवार को डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों से मंकीपॉक्स को लेकर सर्विलांस बढ़ाने और जरूरी कदम उठाने को कहा है। वहीं देश की राजधानी दिल्ली में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। इस मरीज की कोई विदेशी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इससे पहले केरल में मंकीपॉक्स के तीन मरीज मिल चुके हैं। ये तीनों ही मरीज यूएई से लौटे थे और वहीं पर ये किसी संक्रमित के संपर्क में आए थे। दिल्ली में मिला नया मरीज मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। वहीं डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्वी एशिया क्षेत्र की रीजनल डायरेक्टर डा. पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा कि मंकीपॉक्स जिस रफ्तार से फैल रही है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया है। बता दें कि विश्व के 80 देशों में अब तक 17 हजार से ज्यादा मंकीपॉक्स के मामले सामने आ चुके हैं।

# हर घर तिरंगा

## अब रात में भी फहरा सकते हैं राष्ट्रीय ध्वज,केंद्र सरकार ने भारतीय ध्वज संहिता के नियम में किया महत्वपूर्ण बदलाव

**नई दिल्ली, 24 जुलाई 2022।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ को केंद्र सरकार 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रुप में मना रही है. इसी के साथ केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर झंडा फहराने के नियमों में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है. अब आप अपने घर पर दिन-रात तिरंगा फहरा सकते हैं. नियमों के मुताबिक अब तक नागरिकों को सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही झंडा फहराने की अनुमति थी. लेकिन सरकार के इस निर्णय के बाद अब सूर्यास्त के बाद भी झंडा फहराया जा सकता है.



केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने 20 जुलाई को सभी सचिवों को पत्र लिखकर इस नए नियम के बारे में जानकारी दी है. जो कि पत्र जारी होने के दिन से ही लागू हो चुकी है. लेटर में ककहा गया है कि भारतीय ध्वज संहिता, 2002 में और संशोधन किया गया है. इसके तहत अब ÷जहां पर भी झंडा खुले में फहराया जाता है या किसी भी नागरिक के घर पर फहराया जाता है, इसे अब दिन-रात फहराया जा सकेगा÷.

### क्या कहते हैं नियम ?

पहेल के नियम की बात दी जाए तो पहले यह नियम था कि किसी भी मौसम में झंडे को जहां फहराया जाता था, उसे सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही फहराया जाना चाहिए. भारतीय ध्वज संहिता, 2002, को पहले 30 दिसंबर, 2021 के आदेश पर संशोधित किया गया था और पॉलिएस्टर या मशीन से बने राष्ट्रीय ध्वज को अनुमति दी गई. अब राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते और हाथ से बुने हुए या मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम और खादी बंटिंग से बना होगा. पत्र में कहा गया है कि ÷तिरंगा को क्षतिग्रस्त हालत में नहीं फहराया जाना चाहिए, उसे सम्मान के साथ और तिरंगा फहराने के सभी नियमों के साथ फहराना चाहिए।

### नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए लिया गया निर्णय

गृह सचिव ने पत्र में ये भी कहा है कि इस नियम का उद्देश्य नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस को लेकर 'हर घर तिरंगा' समारोह के हिस्से के रूप में अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है. बता दें कि अमृत महोत्सव की कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराने का आवाहन किया था. पीएम मोदी ने कहा था कि यह आंदोलन राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारे जुड़ाव को गहरा करेगा. सरकार को उम्मीद है कि 13 अगस्त को करीब 30 करोड़ घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

## आदिवासी महिला को जिंदा जलाने का मामला:गुना में जयस ने किया बड़ा आंदोलन,आरोपियों को फांसी देने की मांग

**गुना, 24 जुलाई 2022।** मध्यप्रदेश के गुना में आदिवासी महिला को जिंदा जलाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। रविवार को इस घटना के विरोध में जयस ने एक बड़ा आंदोलन किया। दशहरा मैदान में एक आम सभा आयोजित की गई। जिसके बाद शहर में रैली निकाली गई। जयस के नेताओं ने आरोपियों को फांसी देने की मांग की है।



बता दें कि बमोरी के धन ओरिया गांव में आदिवासी महिला रामप्यारी बाई पर दबंगों ने डीजल डालकर उसी के खेत में आग लगा दी थी, जिसके बाद गंभीर हालत में महिला को भोपाल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। हालांकि इस मामले में आरोपियों को पुलिस पहले ही पकड़ चुकी है, लेकिन आरोपियों को सख्त से सख्त सजा की मांग को लेकर जयस ने बड़ा आंदोलन किया। जयस ने आरोपियों को फांसी देने की मांग की है। वहीं इस आंदोलन में राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह भी अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना।

### ये है पूरा मामला

गुना जिले में बमोरी थाना अंतर्गत धन ओरिया गांव में दबंगों ने जमीन विवाद को लेकर आदिवासी महिला राम प्यारी बाई पर डीजल डालकर जिंदा जला दिया था। आग से झुलसी महिला को हमीदिया अस्पताल भोपाल में भर्ती कराया गया था, जहां रामप्यारी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वह 6 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करती रही। घटना का वीडियो भी सामने आया था। जयस अब आरोपियों को फांसी देने की मांग कर रही है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में भिड़े सेवादार और दर्शनार्थी,जमकर हुई मारपीट

**वाराणसी, 24 जुलाई 2022।** काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ सावन की वजह से बढ़ने लगी है. शनिवार की शाम काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में सेवादार और दर्शनार्थी आपस में भिड़ गए. दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई. किसी तरह मामला शांत हुआ, लेकिन मंदिर के सेवादारों ने पुलिस के असहयोग की शिकायत मुख्य कार्यपालक अधिकारी से की तो वही दर्शनार्थियों ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत संबंधित थाने में की है. बता दें कि शनिवार शाम काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में सप्तर्षि आरती का समय हो रहा था. गर्भगृह को बंद कराया जा रहा था कि उसी समय दो दर्शनार्थी गर्भगृह में प्रवेश को लेकर और दर्शन करने की जिद पर सेवादारों से उलझ गए. इतना ही नहीं मंदिर के सेवादारों और दर्शनार्थियों के बीच गर्भगृह के भीतर ही मारपीट भी शुरू हो गई. बड़ी मुश्किल से दोनों दर्शनार्थी गर्भगृह के बाहर निकले. यह सारा वाकया वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया. इस मामले के बारे में सेवादारों ने मंदिर के सीईओ सुनील वर्मा को पत्र लिखकर घटना से अवगत कराया और पुलिस द्वारा सहयोग न करने की भी शिकायत की. तो वहीं श्रद्धालुओं की ओर से भी संबंधित चौक थाने में चार सेवादारों और मंदिर के पीआरओ के खिलाफ तहरीर दी गई।



### उत्तरकाशी : भूकंप के तेज झटके से दहशत, 5 दिन में 2 बार डोली धरती

**देहरादून 24 जुलाई 2022।** उत्तरकाशी जनपद की धरती एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों हिल उठी। रविवार को दोपहर 12.37 मिनट पर आए भूकंप के तीव्र झटकों से उत्तरकाशी के लोग भयभीत हो उठे। लोग भय के मारे घरों से बाहर निकल गए। भूकंप के झटके काफी तीव्र थे। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 मापी गई है।जिसका केंद्र भटवाड़ी विकासखंड में स्थित जामक गांव के जंगल में कनेथ बताया जा रहा है। पांच दिनों के भीतर उत्तरकाशी दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

## बेहोशी की दवा पिलाकर पड़ोसी करता था नाबालिग रेप

**नोएडा, 24 जुलाई 2022।** 14 साल की नाबालिग लड़की से रेप का सनसनीखेज मामला ग्रेटर नोएडा में सामने आया है. आरोप है कि लड़की का पड़ोसी उसे पहले घर बुलाता था. फिर बेहोशी की दवा पिलाकर उससे रेप करता था. आरोपी ने उससे कई महीनों तक रेप किया. मामला गौतमबुद्ध नगर के जेवर इलाके का है. पीड़िता ने 4 महीने बात परिजनों को आपबीती सुनाई तो वे भी हैरान रह गए. फौरन जेवर थाने में मामला दर्ज करवाया गया. पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराया, जिसमें रेप की पुष्टि हुई. आरोपी के खिलाफ रेप और पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज करके पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.



पीड़िता और उसके परिवार की काउंसलिंग कराई जा रही है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाला अमित रोज उसे अपने घर बुलाता था. फिर नशीला पदार्थ पिलाकर रेप की वारदात को अंजाम देता था. वह इस बारे में किसी को ना बताने की धमकी भी देता था. बोलता था कि अगर किसी को भी इस बारे में बताया तो वह उसे मार डालेगा. फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. उससे पूछताछ जारी है.

## बीजेपी नेता के 'वेश्यालय' का पर्दाफाश:73 गिरफ्तार और 6 नाबालिग छुड़ाए गए,शराब की 400 बोतलें और 500 कंडोम बरामद

**मेघालय, 24 जुलाई 2022।** प्रदेश में बड़ा सैक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ है. राज्य के भाजपा उपाध्यक्ष बेर्नार्ड एन मारक के कथित रूप से चलाए जा रहे एक 'वेश्यालय' पर पुलिस ने छापेमारी की. वेश्यालय से पुलिस ने 6 नाबालिगों सहित 73 लोगों को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई से सियासत में हड़कंप मच गया है.

पुलिस ने इस दौरान करीब 400 शराब की बोतलें और 500 से ज्यादा कंडोम बरामद किया है. एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की. उन्होंने बताया कि तुरा में यह वेश्यालय चलाया जा रहा था. वेस्ट गारो हिल्स जिले के पुलिस अधीक्षक विवेकानंद सिंह ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर आतंकवादी से नेता बने मराक के फार्महाउस रिंपू बागान में छापेमारी की गई. ये पूरा मामला मेघालय के शिलांग का है.





सिंह ने कहा कि ÷हमने 6 नाबालिग बच्चों (चार लड़के और दो लड़कियों) को छुड़ाया है, जो रिंपू बागान में गंदे कमरों में बंद पाए गए थे, जिसे बेर्नार्ड एन मारक और उनके सहयोगी वेश्यावृत्ति के उद्देश्य से वेश्यालय के रूप में चलाते थे÷. अधिकारी ने कहा कि 73 लोगों को ÷नापाक गतिविधियों÷ में शामिल होने के लिए गिरफ्तार किया गया. फार्महाउस में 30 छोटे कमरे हैं. उन्होंने आशंका जताई कि यह वही जगह है, जहां एक लड़की का यौन उत्पीड़न किया गया था.

गारो आदिवासी स्वायत्त जिला परिषद के निर्वाचित सदस्य मारक ने एक बयान में मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा पर निशाना साधा. छापेमारी मारक ने 'वेश्यालय' चलाने के आरोप को खारिज किया.

उन्होंने दावा किया, ÷मुख्यमंत्री निराश हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि वह भाजपा की दक्षिण तुरा सीट से हार रहे हैं. मेरे फार्महाउस पर छापा मेरी छवि और राजनीतिक प्रतिशोध को खराब करने का एक हताश करने वाला प्रयास है.

पुलिस ने कहा कि मारक को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है. बीजेपी संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस का हिस्सा है।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुआ धमाका, 3 लोगों की मौत,इलाके मे मचा हडकंप

**छपरा, 24 जुलाई 2022।** बिहार के छपरा में एक घर में हुए जोरदार ब्लास्ट से 3 लोगों की जान चली गई. वहीं अचानक हए धमाके से इलाके में हडकंप मच गया. वहीं कई लोगों के घायल होने की भी खबर है. घायलों को मलबे से बाहर निकालकर ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया. वहीं बताया जा रहा है कि बिल्डिंग में अवैध रूप से पटाखा बनाने का काम होता था. ब्लास्ट होने का कारण अभी तक सामने नहीं आया है. वहीं पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और तत्काल राहत और बचाव टीम के द्वारा आग में झुलसे लोगों को बाहर निकालने का काम जारी है.



मिली जानकारी के अनुसार ये धमाका खोदाईबाग गांव निवासी मोहम्मद रेयाजू मियां के घर में हुआ है. ग्रामीणों के अनुसार रेयाजू मियां आतिशबाजी के लिए पटाखे बनाता है, वह शादी-विवाह सहित अन्य खुशी के मौके पर आतिशबाजी के लिए पटाखे बेचता है, लेकिन रविवार को हुए विस्फोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि रियाजुल मियां के घर में काफी शक्तिशाली विस्फोटक तैयार किया गया था. जिसकी वजह से धमाका हुआ है. धमाके में घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. साथ ही तीन लोगों की मौत हो गई. फ़िलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## राजधानी में मिला Monkeypox का पहला मरीज,सरकार की बढ़ी टेंशन,दहशत में लोग

**नई दिल्ली, 24 जुलाई 2022।** देश में कोरोना का कहर अभी तक थमा नहीं कि एक और वायरस ने डराना शुरू कर दिया है. कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच दिल्ली में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मरीज मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती है।



हैरानी वाली बात ये है कि 31 वर्षीय इस संक्रमित का कोई यात्रा इतिहास नहीं है. बताया जाता है कि बुखार और त्वचा के घावों के बाद मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारत में इस बीमारी का यह चौथा मामला है।

एक प्रतिष्ठित मीडिया में आधिकारिक सूत्रों के हवाले प्रकाशित खबर के मुताबिक, वह व्यक्ति हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मनाली में एक पार्टी में शामिल होकर दिल्ली लौटा था. फ़िलहाल इस मामले की पुष्टि ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है.

पश्चिमी दिल्ली के रहने वाले व्यक्ति को करीब तीन दिन पहले यहां के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने के बाद भर्ती कराया गया था। संक्रमित के नमूने को शनिवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) पुणे भेजा गया था, जहाँ जांच के बाद यह सैम्पल पॉजिटिव पाया गया. फ़िलहाल मरीज की संपर्क ट्रेसिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

CMYK

## संपादकीय

# नीति नाकाम, गहरे दुष्परिणाम

जब महंगाई काबू में नहीं आ रही है, तो प्रश्न उठेगा कि आखिर ब्याज दर बढ़ाने की नीति का क्या हासिल है? इसका एक परिणाम यह है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम दर्जे के उद्योगों का संकट बढ़ गया है।

ब्याज दर बढ़ाने की अपनाई गई नीति से अलग लगातार तीन तिमाहियों तक मुद्रास्फीति घट कर तय सीमा के अंदर नहीं आती है, तो आर्थिक जगत में इस नीति को नाकाम घोषित कर दिया जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक की यह नीति दो तिमाहियों तक नाकाम रही है। खुद रिजर्व बैंक का अनुमान है कि अगली तिमाही में भी खुदरा महंगाई दर लगभग 7.5 प्रतिशत रहेगी। रिजर्व बैंक की मुद्रास्फीति नियंत्रण नीति के तहत इस दर को 2 से 4 फीसदी तक सीमित रखने का लक्ष्य तय रहा है। 6 प्रतिशत मुद्रास्फीति को सहनशीलता की सीमा के अंदर माना जाता है। लेकिन पिछली दो तिमाहियों से ये दर 6 प्रतिशत के ऊपर है। चार फीसदी के ऊपर हुए तो 33 महीने गुजर चुके हैं। तो अब यह प्रश्न उठेगा कि आखिर ब्याज दर बढ़ाने की नीति का क्या हासिल है? इसका एक परिणाम यह है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम दर्जे के उद्योगों का संकट बढ़ गया है।

अंतरराष्टीय और राष्टीय बाजार में कॉमोडिटी की कीमत बढ़ने के कारण इन उद्योगों की इनपुट लागत बढ़ी है। जबकि बाजार में मांग ना होने की वजह से उनके लिए अपने उत्पादों की कीमत उसी अनुपात में बढ़ाना मुमकिन नहीं हो पा रहा है। अब ब्याज दर बढ़ने से कोरोना काल में आसान शर्तों पर लिए गए कर्ज को चुकाना भी महंगा हो गया है। तो ऐसी आशंकाएं बड़े पैमाने पर जताई जा रही हैं कि बड़ी संख्या में ऐसे कारोबार बंद हो सकते हैं। नोटबंदी और पेचीदा जीएसटी की मार के कारण पहले ही कमजोर हो चुके इस सेक्टर के सामने ये नई समस्या खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि 2019 में सरकार ने इस सेक्टर के बिजनेस को आसान शर्तों पर कर्ज देने की नीति खत्म कर दी थी। यानी अब उन्हें ऋष्ठा उसी दर पर मिलता है, जो रिजर्व बैंक रेपो रेट से तय होता है। तो अब विचारणीय प्रश्न है कि जब ब्याज दर बढ़ाने से महंगाई नहीं घट रही है, जबकि लाखों लोगों की रोजी-रोटी पर उलटा असर हो रहा है, तब क्या इस नीति को जारी रखना बुद्धिमानी का काम है?

# राष्ट्रपति एक वर्ग नहीं पूरे देश का गौरव हैं

देश की दूसरी महिला राष्टपति द्रौपदी मुरमू का चुनाव कई तरह से चर्चा में बना हुआ है। पहले तो एन.डी.ए. ने उन्हें एक आदिवासी उम्मीदवार के रूप में बहु प्रचारित करने की रणनीति बनाई जबकि पूर्व में भी पी.ए. संगमा और अल्फ्रेड स्वेल आदिवासी समाज से राष्टपति पद का चुनाव लड़ चुके थे।

सामान्यतः राष्टपति का पद उनके व्यक्तित्व, समाज में उनके योगदान और उनकी निर्विवाद सेवाओं को लेकर जाने जाते हैं ।जाति के आधार पर कभी भी न तो राष्टपति पद के उम्मीदवारों को प्रचारित किया गया ना ही इस आधार पर उन्हें महिमामंडित करने की कोशिश की गई । वे देश के संविधान के सबसे बड़े रक्षक के रूप में ही चुने जाते हैं। देश तो हर जाति, हर धर्म और हर समाज का है, इसलिये वे भारत के हर नागरिक के पालक के रूप में ही जाने जाते हैं ।अगर कोई राजनीतिक दल ऐसे पदों को एक जाति की सीमाओं में बांधने की चेष्टा करते हैं तो क्या इसे राष्टपति पद की गरिमा को क्षति पहुंचाना नहीं माना जाना चाहिए? क्या हमने बाबू राजेंद्र प्रसाद को इसलिए राष्टपति चुना कि वे कायस्थ थे या के. आर. नारायणन दलित, एपीजे अब्दुल कलाम अल्पसंख्यक या प्रणव मुखर्जी ब्राह्मण थे, शायद नहीं। यह सब अपने अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ व्यक्ति थे। देश के प्रति इनकी सेवाएं उत्कृष्ट थी । इन्हीं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हमें राष्टपति द्रौपदी मुर्मू को भी याद करना चाहिए ना कि उनके जाति वर्ग के कारण ।वे अब एक वर्ग की नहीं बल्कि पूरे भारत का गौरव हैं ।

देश में विभिन्न अवसरों पर हुए राष्टपति पद के हर चुनाव किसी न किसी कारण से चर्चित रहे है। 1969 का चुनाव त्रिकोणी होने के कारण सबसे कम मतों से जीतने वाला चुनाव बना इसमें इंदिरा गांधी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में वीवी गिरी को 48 प्रतिशत वोट मिले थे और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नीलम संजीव रेड्डी से लगभग 90 हजार मतों से ही चुनाव जीत सके थे। यह पहला चुनाव था जब अंतरात्मा की आवाज पर वोट डालने का आव्हान किया गया था और एक श्रमिक नेता वी वी गिरी राष्टपति चुने गये।

देश में सर्वाधिक मतों से चुनाव जीतने वाले राष्टपति के रूप में के.आर. नारायणन का चुनाव सबसे चर्चित रहा है। इसमें नारायणन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी टी.एन. सेशन को लगभग 9 लाख 5 हजार मतों से परास्त किया था ।मत प्रतिशत के हिसाब से बाबू राजेंद्र प्रसाद एक मात्र राष्टपति रहे जिन्हें कुल मतों का 99 प्रतिशत मत प्राप्त हुए ,दूसरे नंबर पर एस. राधाकृष्णन जिन्हें 98 प्रतिशत, के.आर. नारायणन जिन्हें 95 प्रतिशत और एपीजे अब्दुल कलाम जिन्हें 90 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे ।

अगर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बनाये गये एनडीए उम्मीदवारों के मतों की तुलना करें तो श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को अपने ही पार्टी के पूर्व राष्टपति कोविद के मुकाबले 2 प्रतिशत कम वोट प्राप्त हुए हैं। श्री कोविंद को कुल मतों का 66 प्रतिशत जबकि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को 64 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव को एक और दृष्टि से



चर्चित बनाने की चेष्टा की है वह है प्रतिपक्ष की क्रास वोटिंग को लेकर । जबकि राष्टपति पद के कई चुनाव में क्रास वोटिंग होती रही है। स्वयं भारतीय जनता पार्टी शिवसेना और अन्य दल भी समय-समय पर क्रास वोटिंग कर चुके हैं।

श्रीमती पाटिल के चुनाव में शिवसेना ने गठबंधन की सीमाओं से बाहर आकर पाटिल के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेता भैरों सिंह शेखावत चुनाव लड़ रहे थे लेकिन इसके बावजूद गुजरात में 5 विधायकों ने प्रतिभा पाटिल के पक्ष में क्रास वोटिंग की थी। इसी तरह 2012 में जब प्रणव मुखर्जी के विरुद्ध पी.ए. संगमा एनडीए के उम्मीदवार थे तब कर्नाटक में 14 विधायकों ने मुखर्जी के पक्ष में क्रास वोटिंग की थी। इसी तरह 2017 में मीरा कुमार ने श्री कोविद के विरुद्ध प्रतिपक्ष यूपीए के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में भी एनडीए के उम्मीदवार कोविद के विरुद्ध गुजरात के एक, गोवा के 3 और राजस्थान के 6 विधायकों ने मीरा कुमार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की थी ।

इसी तरह 2002 में एपीजे अब्दुल कलाम सर्व सम्मत उम्मीदवार के रूप में सामने आये थे किंतु वामपंथी पार्टियों ने क्रांतिकारी और आजाद हिंद फौज की महिला कमांडर लक्ष्मी सहगल को उनके विरुद्ध उतार दिया था। इस चुनाव में मध्यप्रदेश के 11 मत रद्द हुये थे और 2 मत क्रास वोट हुये थे।चूंकि राष्टपति पद का चुनाव गुप्त मतदान के माध्यम से किया जाता है एवं इस चुनाव में कोई भी दल व्हिप जारी नहीं करता है इसलिए क्रास वोटिंग का मामला पार्टी अनुशासन के दायरे में नहीं आता है ।ऐसा इसलिए भी सोचा गया होगा ताकि राष्टपति पद का चुनाव निर्विवाद रहे और उसे पार्टी की सीमाओं में ना बांधा जाए।

1977 का राष्टपति पद का चुनाव भी कम चर्चित नहीं रहा यह चुनाव तत्कालीन राष्टपति जाकिर हुसैन की मृत्यू के कारण बचे हुए कार्यकाल के लिये हुआ था। हालांकि यह पूर्णकालिक चुनाव तो नहीं था किंतु इस चुनाव में 37 उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किए थे और 36 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हो जाने के कारण नीलम संजीव रेड्डी निर्विरोध राष्टपति के रूप में चुने गए ।वे देश के ऐसे एकमात्र राष्टपति थे।इसी तरह बाबू राजेंद्र प्रसाद दो बार राष्टपति पद को सुशोभित करने करने वाले एकमात्र राष्टपति रहे।

महामहिम द्रोपदी मुरमू अब देश की शोभा हैं,उनके संघर्ष और जिजीविशा को याद रखने का यह समय है न कि उनकी जाति को।

**-भूपेन्द्र गुप्ता-**

## जगदीप धनखड़ःसही पसंद



भाजपा सरकार ने राष्टपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मु को उम्मीदवार बनाया और अब उप-राष्टपति पद के लिए जगदीप धनकड़ का नाम घोषित हुआ है। दोनों उम्मीदवारों को मंत्री और राज्यपाल रहने का अनुभव है लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि इन दोनों को इन सर्वोच्च पदों के लिए चुनते हुए भाजपा नेताओं ने किस बात का ध्यान रखा है? वह बात है वंचितों के सम्मान और वोट बैंक की!

एक उम्मीदवार देश के समस्त आदिवासियों को भाजपा से जोड़ेगा और दूसरा समस्त पिछड़ों को! यह देश के आदिवासियों और पिछड़ी जातियों में यह भाव भी भरेगा कि वे लोग चाहे सदियों से दबे-पिसे रहे लेकिन यदि उनके दो व्यक्ति भारत के सर्वोच्च पदों पर पहुंच सकते हैं तो वे भी जीवन में आगे क्यों नहीं बढ़ सकते? किसान-पुत्र धनकड़ के उप-राष्टपति बनने की घटना देश के किसानों में नई उमंग जगाए बिना नहीं रहेगी। इसके अलावा पं. बंगाल, झारखंड और उड़ीसा के आदिवासियों को भाजपा की तरफ खींचने में और ममता बनर्जी के वोट बैंक में सेंध लगाने में ये दोनों पद कोई न कोई भूमिका जरुर निभाएंगे।

जगदीप धनकड़ की उपस्थिति का लाभ भाजपा को राजस्थान, उत्तरप्रदेश और हरियाणा में भी मिलेगा। धनकड़ उपराष्टपति के रूप में राज्यसभा के अध्यक्ष होंगे। यह शायद पहला संयोग होगा कि लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा के अध्यक्ष धनकड़ एक ही राज्य राजस्थान के होंगे। यह तथ्य राजस्थान की कांग्रेस सरकार के लिए चुनौती भी बन सकता है। धनकड़ को विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री रहने का अनुभव भी है। वे जनता पार्टी और कांग्रेस में भी रह चुके है। उन्हें उप-राष्टपति पद पर भाजपा बिठा रही है, इससे यह सिद्ध होता है कि भाजपा अपने दरवाजे बड़े कर रही है। वे यदि अपनी विनम्रता के लिए जाने जाते हैं तो उनकी स्पष्टवादिता भी सर्वज्ञात है। उनके जितने दो-टूक राज्यपाल देश में कितने हुए हैं? पं. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जितनी खुली खिंचाई धनकड़ ने की है, क्या कोई अन्य राज्यपाल किसी मुख्यमंत्री की कर पाया है? इसीलिए उन्हें 'जनता का राज्यपाल' कहा जाता है।

पिछले साल जब जगदीपजी ने मेरे खातिर अपने राजभवन में प्रीति-भोज आयोजित किया तो मैंने अपने कोलकाता के सभी खास मित्रों को आमंत्रित किया। उसमें भाजपाइयों और संघियों के अलावा कांग्रेसी, ममता के तृणमूली और कुछ पत्रकार भी थे। उन्हें देखकर राज्यपाल ने कुछ लोगों को कहा कि आप लोगों से मैं बहुत नाराज हूं लेकिन आप वैदिकजी के मित्र हैं, इसलिए आपका विशेष स्वागत है। कौन कहेगा, ऐसी दो-टूक बात?

धनकड़ राजस्थान के किसान परिवार के बेटे हैं लेकिन उन्होंने अपनी योग्यता के बल पर अपनी वकालत की धाक सर्वोच्च न्यायालय तक में जमा रखी थी। पं. बंगाल में इस बार भाजपा विधायकों की संख्या 3 से बढ़कर 71 हो गई। इसक बड़ा श्रेय राज्यपाल जगदीप धनकड़ को भी है। मुझे विश्वास है कि अब राज्यसभा का सदन ज़रा बेहतर और अनुशासित ढंग से काम करेगा। धनकड़ की जीत तो सुनिश्चित है ही, उनके सदव्यवहार का असर हमारे विपक्ष पर भी देखने को मिलेगा।

**-वेद प्रताप वैदिक-**

# सालों से जुड़ा एक प्यार भरा रिश्ता आखिर क्यूँ टूट जाता है?



भावना ठाकर भावु
बेंगलोर, कर्नाटक

÷तलाक की शमशीर बड़ी तेज होती है चलती है जब रिश्तों के धागे पर तब एक प्यार से पिरोई माला कतरा कतरा बिखर जाती है÷

तलाक की तलवार कहर ढ़ाती है, दो दिलों के किले पर और इमारत दांपत्य की ढ़ह जाती है। तलाक या (डिवोर्स) महज़ शब्द नहीं एहसासों को विच्छेद करने वाली छैनी है।

जब दो विपरीत तार जुड़ जाते है तो चिंगारी उठना लाज़मी है। वैसे ही दो अलग स्वभाव के लोग शादी के बंधन में बंध जाते है तो तलाक होना भी तय है। पहले के ज़माने में तलाक लेना एक शर्मनाक काम माना जाता था, समाज का डर और चार लोग सुनेंगे तो क्या कहेंगे वाली फीलिंग्स तलाक लेने से रोकती थी, पर आजकल ÷तलाक÷ बहुत आम हो गया है। वैसे तलाक के बहुत सारे कारण होते है, जैसे की सबसे पहला मुद्दा आनन-फानन में हुआ प्यार और जल्दबाजी में हुई शादी उसके चलते अहं का टकराव, पति-पत्नी के बीच हल्की भी दीवार, ख़लिश या कोई राज़ नहीं होना चाहिए पारदर्शी रिश्ता सुमधुर होता है। दूसरा ससुराल वालों का बहू के प्रति गलत रवैया, दहेज का मसला या बहू का ससुराल में मानसिक तौर पर एडजस्ट नहीं होना। तीसरा मायके वालों की बेटी के जीवन में दखल अंदाज़ी, पति का किसी ओर के साथ रिश्ता या बच्चों को लेकर कोई प्रोब्लम। साथ में शोर्ट टैंपर स्वभाव और लड़कियों का अपने पैरों पर खड़ी होना मुख्य कारण है। ये इसलिए कि लड़कियाँ अब किसी पर डिपेंड नहीं रही, आत्मनिर्भर बन चुकी है इसलिए अनमने रिश्ते को लात मारते हरगिज़ नहीं हिचकिचाती। पत्नी के कमाऊ होने की वजह से पत्नियां भी हर अहम फैसले में अपनी भागीदारी चाहती है पर पुरुष अपनी मानसिकता के चलते इस बात को अपने वर्चस्व और अधिकारों के अतिक्रमण के तौर पर लेते है। वे मानते हैं कि फैसले लेने का अधिकार सिर्फ उन्हें ही है।

पर जो लड़की अपने पैरों पर खड़ी नहीं होती उनके लिए तलाक जीवन को तहस-नहस कर देने वाली प्रक्रिया है। बहुत कम लड़कियां ये कदम उठाने की हिम्मत करती है। ज़्यादातर ससुराल में दमन सहते उम्र काट देती है। पर कुछ कारणों से कई बार ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं कि पति-पत्नी का साथ रहना संभव नहीं होता। मजबूरन उन्हें अपने रास्ते अलग करने पड़ते है और ये फैसला पति-पत्नी दोनों को भावनात्मक रूप से तोड़ देता है।

आमतौर पर देखा जाता है की समाज तलाकशुदा महिला को शादीशुदा जितना सम्मान नहीं दे पाता। तलाक के बाद महिला माता-पिता पर बोझ समझी जाती है ये कड़वी सच्चाई है। डिवोर्सी का टैग उसके नाम से जुड़ जाता है। लड़कों को ज़्यादा फ़र्क नहीं पड़ता पर लड़कियों का जीना दूभर हो जाता है। डिवोर्सी लड़कियों के सामने चुनौतियां मुँह फ़ाड़कर खड़ी होती है। पर किसी भी रिश्ते में प्यार, विश्वास, भरोसा, सम्मान और खुशी नहीं होगी तो न रिश्तों में गर्माहट होगी और न एक दूसरे को बांधकर रखने की शिद्दत। आत्म सम्मान के साथ समझौता करना किसी भी रिश्ते की बुनियाद कमज़ोर करता है इससे अच्छा है अलग हो जाए।

अगर तलाक ले रहे पति-पत्नी के बच्चें होते है तो माँ बाप के सेप्रेशन का बच्चों पर बहुत गहरा असर होता है।

सवाल ये उठता है कि सालों से जुड़ा एक प्यार भरा रिश्ता आख़िर क्यूँ टूट जाता है? दो लोग जो प्यार, इश्क, मोहब्बत की भावना से जुड़ कर अग्नि को साक्षी मानकर दो से एक होते है, साथ-साथ जीने-मरने की कसमें खाते है और बड़े प्यार से ज़िंदगी बसर कर रहे होते है। एक या दो संतान के माता-पिता भी बनते है, सालों साथ रहते है फिर अचानक ऐसा क्या हो जाता है की सालों का रिश्ता खराब हो जाता है। इतने सालों बाद एक दूसरे में क्यूँ कमियां नज़र आने लगती है। क्यूँ अब साथ नहीं रह सकते, इतने सालों बाद क्यूँ बात तलाक तक पहुँच जाती है। कुछ दंपत्ति पंद्रह, बीस, पच्चीस सालों बाद अलग होने का फैसला लेते है तब ताज्जुब होता है। माना सबको अपनी ज़िंदगी अपने तरीके से जीने का संपूर्ण अधिकार है, पर कभी ये भी सोचा है कि बच्चों के दिमाग पर इस सेप्रेशन का क्या असर पड़ता है? बच्चों को माँ-बाप दोनों के प्यार और परवाह की ज़रूरत होती है। तलाक पति पत्नी के लिए आज़ादी और सुकून का ज़रिया होता है, पर बच्चों के लिए हादसे से कम नहीं होता।

माता-पिता के आपसी विवाद और तलाक का बच्चों के दिमाग पर गहरा असर पड़ता है। खासकर जब बात कस्टडी की आती है, तो बच्चे के लिए इस स्थिति को समझ पाना बेहद मुश्किल होता है। वैसे तो कानूनी तौर पर सात साल के छोटे बच्चे की कस्टडी मां को ही मिलती है, तब क्या पिता को अपने बच्चे से अलग होना अख़रता नहीं होगा। और बच्चे को पिता से अलग होना कैसा महसूस होता होगा।

बच्चे अपने माता-पिता के तलाक़ को लेकर परेशान हो जाते है कि आख़िर ये हो क्या रहा है? ये मेरे साथ ही क्यों हो रहा है? उम्र के इस दौर में बच्चे को इमोशनली मज़बूत बनाने के लिए माता-पिता दोनों के प्यार व मार्गदर्शन की ज़रूरत होती है। दरअसल बच्चे अपने पैरेंट्स के अलगाव को जल्दी स्वीकार नहीं कर पातें। अपने सबसे क़रीबी रिश्ते को टूटता देख उनका रिश्तों पर से विश्वास उठ जाता है। अक्सर देखा गया है कि माता-पिता दोनों का साथ व प्यार न मिल पाने की वजह से बच्चे ज़िद्दी बन जाते है। जब वो दूसरे बच्चों को अपने पैरेंट्स के साथ देखते है, तो उसका मासूम मन आहत हो जाता है और वो ख़ुद को दुर्भाग्यशाली मानकर परेशान हो जाते है। शारीरिक विकास के चलते कुछ उम्र में लड़कियों को मां की सख़्त ज़रूरत होती है। ऐसे में अगर उनकी कस्टडी पिता के पास है, तो अपनी भावनाओं व परेशानियों को किसी से शेयर न कर पाने की वजह से वो कुंठित हो जाती है। और लड़के भावनात्मक रूप से अपनी माँ के ज़्यादा करीब होते है और पिता की छत्रछाया में खुद को महफ़ूज़ समझते है ऐसे में माँ-बाप का अलग होना बच्चों को मानसिक तौर पर बहुत आहत करता है।

एक ज़िंदगी मिली होती है इंसानों को पर अहं को पालते खुद का और परिवार का कितना बड़ा नुकसान कर लेते है। जहाँ इतने साल बिता लिए वहाँ उम्र भी गुज़ार लेते। क्यूँ कोशिश नहीं करते एक दूसरे को समझने की, क्यूँ असंख्य वर्षगांठ साथ-साथ नहीं मनाते।

# किरोड़ी की किच-किच से भाजपा की फजीहत



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

राजस्थान में भाजपा की फूट अब खुलकर सड़कों पर आ गई है। हाल ही में जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में एनडीए की राष्टपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के स्वागत कार्यक्रम में एंट्री को लेकर बीजेपी के दो वरिष्ठ नेता आपस में भिड़ गए। बीजेपी के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में एंट्री नहीं देने पर प्रतिपक्ष के उप नेता राजेंद्र राठौड़ को जमकर खरी-खोटी सुनाई। जवाब में राठौड़ ने भी किरोड़ी को लहजा सुधारने की नसीहत दी। काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच बहस चलती रही। मामला बढ़ने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की आपसी तकरार पर चुटकी ली है।

असल में कार्यक्रम में केवल उन्हीं नेताओं को एंट्री दी जा रही थी जिनके पास बने हुए थे। किरोड़ीलाल आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत के लिए पहुंचे थे जिनके पास प्रवेश के पास नहीं थे। घटना से नाराज किरोड़ी लाल मीणा कार्यक्रम का बहिष्कार कर चले गए थे। राजेंद्र राठौड़ व किरोड़ी लाल मीणा के मध्य हुई तकरार का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा की बहुत फजीहत हो रही है। इस घटना की गूंज भाजपा आलाकमान को दिल्ली तक सुनाई दी। चर्चा है कि भाजपा आलाकमान ने दोनों नेताओं से घटना की जानकारी मांगी है। उसी दिन किरोड़ी लाल मीणा के समर्थकों को जयपुर हवाई अड्डे पर भी प्रवेश नहीं देने से उन्होंने जमकर भाजपा नेताओं को खरी-खोटी सुनाई थी।

उक्त घटना तो एक बानगी मात्र है। राजस्थान के भाजपा नेता ऐसा कोई मौका नहीं चूकते हैं जहां एक दूसरे को निचा ना दिखाया जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार अपने विरोधी गुट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया पर हमला करती रहती है। भाजपा में स्थिति तो अब यहां तक पहुंच गई है कि वसुंधरा राजे व सतीश पूनिया किसी कार्यक्रम में एक साथ शामिल होने से भी परहेज करने लगे हैं।

जब से डॉ सतीश पूनिया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं तभी से वह वसुंधरा राजे गुट के निशाने पर हैं। वसुंधरा गुट का हमेशा प्रयास रहता है कि कैसे भी करके पूनिया समर्थकों को नीचा दिखाया जाए। वसुंधरा समर्थको द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पूनिया को नहीं बुलाया जाता है। अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वसुंधरा गुट के कार्यक्रम में पूनिया की फोटो भी नहीं लगाई जाती है।

वही प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में वसुंधरा राजे की फोटो नहीं लगाई जाती है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर लगे होर्डिंग से वसुंधरा राजे की फोटो हटाने को लेकर भी वसुंधरा समर्थकों ने बड़ा हंगामा किया था। मगर पुनिया समर्थकों ने यह कहकर मामले को समाप्त कर दिया था कि प्रदेश मुख्यालय के होर्डिंग पर प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा विधायक दल के नेता की फोटो ही लगेगी।

पिछले दिनों संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव में भी प्रदेश संगठन की सिफारिश पर वसुंधरा राजे के धुर विरोधी रहे घनश्याम तिवाड़ी को राज्यसभा भेजकर वसुंधरा राजे को तगड़ा झटका दिया गया था। हालांकि चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक एक ही विधायक शोभारानी कुशवाह ने क्रॉस वोटिंग कर कांग्रेस को वोट दिया था। बाकी सभी वसुंधरा समर्थकों ने पार्टी आलाकमान के निर्देशों की पालना की थी।

चूंकि अगले वर्ष के आखिर में राज्य विधानसभा के चुनाव होने हैं। वसुंधरा राजे चाहती है कि पार्टी उनको नेता प्रोजेक्ट कर उनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़े। जबकि पार्टी आलाकमान व प्रदेश संगठन किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं होने देना चाहता है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ कर ही भाजपा फिर से सरकार बना सकती है। भाजपा आलाकमान का मानना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते उनको ही नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ा गया था। मगर उस चुनाव में भाजपा बुरी तरह हार गई थी। भाजपा के विधायक 162 से घटकर 72 रह गए थे। ऐसे में वसुंधरा राजे का जादू अब चलने वाला नहीं है।

कुछ महीने पहले झालावाड़ जिले में संपन्न हुए जिला परिषद के चुनाव में भी क्रास वोटिंग के चलते भाजपा का जिला प्रमुख उम्मीदवार चुनाव हार गया था। झालावाड़ वसुंधरा राजे का निर्वाचन क्षेत्र रहा है तथा उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ से कई बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में झालावाड़ से भाजपा प्रत्याशी का चुनाव हारने का पूरा जिम्मेदार वसुंधरा राजे के सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को माना गया था। जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हारने पर विरोध स्वरूप भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दुष्यंत सिंह के सांसद कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ भी की गई थी। जिसकी शिकायत वसुंधरा राजे ने दिल्ली आलाकमान तक की थी। उसके उपरांत भी किसी कार्यकर्ता पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। इससे भी वसुंधरा राजे खासी नाराज है।

हाल ही में भाजपा की एक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का माउंट आबू में आयोजन किया गया था। जिसमें पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधन दिया था। मगर माउंट आबू कार्यक्रम में वसुंधरा राजे की अनुपस्थिति प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है। राजनीति के जानकारों का तो यहां तक कहना है कि उस कार्यक्रम में वसुंधरा राजे को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर अपनी झेंप मिटाने के लिए वसुंधरा राजे ने उसी दौरान दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। ताकि लोगों में एक अलग मैसेज दे सके।

राजस्थान भाजपा में काफी नेता वसुंधरा राजे खेमे से हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पार्टी की राष्टीय सचिव अलका गुर्जर केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्य कर रहें हैं। अगले वर्ष प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मौजूदा विधायकों में से वसुंधरा समर्थक कोई भी विधायक ऐसा कोई काम नहीं करेगा जिससे आगे चलकर उनकी टिकट कटने का कारण बन सके। वसुंधरा समर्थक सभी विधायक आलाकमान की हां में हां ही मिलाएंगे।

पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी लगातार राजस्थान के दौरे कर संगठन को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। हाल ही में एक सरकारी मीटिंग में शामिल होने जयपुर आए गृह मंत्री अमित शाह ने भी समय निकालकर भाजपा कार्यालय जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले तथा बंद कमरे में वरिष्ठ नेताओं से मीटिंग कर सभी को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। अमित शाह भी बार-बार यही संकेत दे रहे हैं कि अगले विधानसभा चुनाव में किसी एक को नेता प्रोजेक्ट नहीं कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनाव के बाद विधायकों के बहुमत की राय से नेता का चयन किया जाएगा।

केंद्रीय नेतृत्व जितना पार्टी को एकजुट करने का प्रयास कर रहा है। उसके उलट प्रदेश के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई का कोई मौका नहीं चूकते हैं। यदि पार्टी संगठन में यही स्थिति बनी रही तो कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर से सरकार बनाने का मौका नहीं चूकेंगे।

भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में वसुंधरा राजे को आगे नहीं लाना चाहता है। मगर प्रदेश के मतदाताओं पर आज भी वसुंधरा राजे का प्रभाव बरकरार है। ऐसे में वसुंधरा राजे को पूरी तरह दरकिनार करना भी भाजपा के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है। इसी बात को ध्यान में रखकर पार्टी आलाकमान वसुंधरा राजे को पार्टी का राष्टीय उपाध्यक्ष बना रखा है। जहां उनको करने के लिए कोई विशेष काम नहीं दिया गया है। मगर सजावटी ही सही कहने को तो वह पार्टी के राष्टीय उपाध्यक्ष है।

## तो आबादी में विश्वगुरूता!

क्या भारत और मोदी सरकार को पता था कि हम अगले साल ही जनसंख्या में दुनिया के नंबर एक हो जाएंगे? चीन से आगे हो जाएंगे! मैं अपने अनुमानों में अपने लेखन में 140 करोड़ लोगों का जुमला इस्तेमाल करता रहा हूं। पर मुझे भी अंदाज नहीं था कि सन् 2023 में ही भारत की आबादी 140 करोड़ लोगों से अधिक हो जाएगी। चीन पीछे हो जाएगा! विश्व जनसंख्या पर संयुक्त राष्ट का ताजा आकलन चौंकाने वाला है। चीन की 131 करोड़ आबादी के मुकाबले भारत को भविष्य के सिनेरियो के अनुसार सन् 2050 में 166 करोड़ लोगों का पेट भरना है। इसे हम बच्चे पैदा करने में अपनी विश्वगुरूता मानें या सब रामभरोसे होने के भारत यथार्थ की त्रासदी मानें? सवाल का जवाब हम भारतीयों के बस की बात नहीं है। इसलिए कि किसी के लिए आबादी मुसलमानों के बढ़ने का खतरा है तो किसी के लिए इससे पांच खरब डॉलर की आर्थिकी का सपना साकार होना है। तो अंबानियों-अडानियों के लिए लोगों को लूटने की अनंत संभावनाएं हैं। अपनी कसौटी एक भारतीय के जीवन की नारकीयता है। 140 करोड़ लोगों में से यदि आज 80 करोड़ लोग महीने के पांच किलो फ्री राशन और कोई 20-25 करोड़ किसान आदि सालाना छह हजार रुपए की नकदी की खैरात व पेंशन आदि से जिंदगी जी रहे हैं, मतलब 100 करोड़ लोग भूखे-बेरोजगार-अर्ध बेरोजगारी व छोटी-छोटी जरूरतों के लिए तड़पता जीवन जी रहे हैं तो भविष्य के 166 करोड़ लोगों में तब कितने करोड़ लोग ऐसी ही अवस्था में होंगे? 125 करोड़ या डेढ सौ करोड़ लोग? यह सवाल इसलिए है क्योंकि लोगों का काम-धंधा और आर्थिकी जिस दिशा में बढ़ती हुई है वह दिशा अगले दस साल भी रहेगी और तब तक यदि पानीपत की अंदरूनी लड़ाई सड़कों पर शुरू हो गई तब क्या होगा?

यह सवाल डराने या नकारात्मकता में नहीं है, बल्कि इस सच्चाई में है कि भारत का प्रधानमंत्री हो या सरकार या मुख्यमंत्री या राजनीतिक दल और देश का नैरेटिव, मीडिया सभी भारत की आबादी को अपने-अपने वोट बैंक में बांटे हुए हैं। गौर करें कि आबादी में भारत के नंबर एक बनने की ओर बढ़ने की खबर पर देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्या टिप्पणी की?

**-हरिशंकर व्यास-**

## चाह



अनुपम चतुर्वेदी
सन्त कबीर नगर
उत्तरप्रदेश

तुम आजीवन साथ रहो,बस इतना ही,
हर सुख-दुख में याद करो ,बस इतना ही
रहबर तुम हाथ पकड़ कर ले आए हो,
यह बात सदा याद रखो,बस इतना ही
तुमसे सम्मानित होकर आह्लादित हूँ,
यह छण जीवन पार करे, बस इतना ही
बेघर का घर बस जाए, बात बड़ी है,
आजीवन यह भाव रहे, बस इतना ही
कहने को तो जाने
क्या- क्या कहते हैं,
कथनी-करनी एक रहे,
बस इतना ही
तुम पर ही सब वार दिया,
अब तुम जानो,
मेरी शाख रहे जीवित,
बस इतना ही

## गोपेश्वर महादेव



सोमेश देवांगन
कबीरधाम छत्तीसगढ़

सुन गौरी मय निधिवन रहस मा जाहू,
कान्हा संग मिल महू अब रहस रचाहू।
के गौरी तय बना दे गोपी सखी मोला,
गोपी बन बसुरी के धुन मा मय मोहाहू।।
अवघड़ भूतनाथ तय हस मोर स्वामी,
तोला सखी गोपी मय हा कइसे बनाहू।
जटा जुट तय पहिरे हस बिच्छी बाला,
गोपी बना के तोला अपन नाक कटाहू।।
रिसा के बइठे बाबा मोर भोले भण्डारी,
जइसे होवय साज संवार मय हा जाहू।
नई सँवारबे कहूं आज तय हर मोला,
छोड़ मय कैलाश ले दुरिहा चले जाहू।।
जग ला नचइया बइठे हे जिहा जा के ,
कैलाश छोड़ मय ऊहाँ तुरते बस जाहू।
गौरी तय मान मनौती कतको करबे ,
रिसा मय बंसी बट के नीचे सो जाहू।।
रिसा झन मोर भोले हे त्रिभुवनपति,
चल उठ मय तोला गोपी सखी बनाहू ।
साज संवार के मय चूक चूक ले तोला,
आज निधिवन रहस मा धर के ले जाहू।।
चन्दा ला तोर बना देथव मय हा टिकली,
आज साँप ला गांथ मय तोर बेनी बनाहू।
बाघाम्बर ऊपर भोले तय पहिर ले लुगरा,
ढांक मुढ़ी अपन गोपी सखी बन लजाहू।।
डमरू चिलम ला मढ़ा दे तय हा भोले,
त्रिशूल ला ला दे जुड़ा माँ खोंच सजाहू।
पोछ लेवव भभूत मोर भूतनाथ स्वामी,
तव कहू तुम कोमल गोपी सखी कहाहू।।
भोले ला धर चले गौरी निधिवन आघू,
आज जगत पिता संग मय तोला नचाहूं।
मुढ़ी ढंकाय रहन देहव मोर बोलेबाबा,
मुढ़ी उघार झँन मोर तुम नाक कटाहूं।।
रहस होइस जी जब निधिबन मा चालू,
बाबा कहे प्रभू मोला अपन दरस देखाहूं।
जान गइस आये हे जग ला जगाने वाला,
कहे गोपी मोला अपन चेहरा ला देखाहूं ।।
आज फदिता हो जाहि तइसे मोला लागे,
लाइन लगे मा भोला एती ओति वो भागे।
कान्हा कहे प्यारी सखी मोर ये गोपी लागे,
कही भोले के मुँह ला देखें बर वो झांके।।
देखिस बाबा ला जब टिकली लुगरा मा,
कहे सब ले सुघ्घर मोला ये गोपी हा लागे।
दरस देहे बर मोला भगवन त्रिभुवन पति ,बड़
सुघ्घर ये मोहनी रूप ला धर के आगे।।
होइस रहस मा गोठ दुनो के बड़ भारी,
कान्हा फेर बाबा ला ये बड़े बचन धराये।
गोपेश्वर बन प्रभु तुम रहस ला रोज देखव,
निकुंज मा कान्हा जा के ठउर ला बसाये।।
गोठ बात करके नाचे कान्हा अउ भोला,
कान्हा कत्थक भोले तांडव डमरू बजाये।
नाचत देखय त दुनो जग ला नचाने वाला,
देखय देवता तब ऊपर ले फूल बरसाये।।

## भोले की परछाईं हो



कार्तिकेय त्रिपाठी राम
इन्दौर,मध्यप्रदेश

भोले हम तो बंधे हुए हैं,
रिश्ते-नाते डोरी से,
चाहें कोई कितना तोड़े,
हम तो मिलते जोड़ी से।
भोले हम तो .....
पवन बहे अंधड़ -सी चाहें,
शिखरों से चट्टानें तड़कें,
मेघ गरजते हों सिहों-से,
हम तो सधे हुए भोले-से।
भोले हम तो ..
सत्य राह से कभी ना भटकें,
झूठ को हम जीवन से छिटकें,
मंजिल मिले शीर्ष की फिर-भी,
करते रहें भोले से भेटें।
भोले हम तो ...
तन को करते रहें लोह-सा,
मन को मां की ममता जैसा,
अहं की चार-दिवारी तोड़े,
मन से दिल का रिश्ता जोड़ें।
भोले हम तो ...
विपदा चाहें कैसी भी हो,
रात घनेरी छाई हो,
बस अंतस में सारे जीवन,
भोले की परछाई हो।
भोले हम तो ...

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# चोरी के मामले में दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे




-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने मिलकर सोनपुरकला स्थित दुकानों में चोरी किया था। वहीं पूछताछ के दौरान एक आरोपी गांधीस्टेडियम के पास से स्कूटी चोरी करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के सोनपुरकला स्थित दुकानों में चोरी की घटना हुई थी। रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी कोतवाली भारद्वाज सिंह और उनकी टीम द्वारा आरोपियों का पता तलाश कर गिरफ्तार करने हेतु प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम असोला निवासी विद्याधर दास संदिग्ध के रूप में हिरासत में लिया गया। पुलिस ने उसे पूछताछ की तो वह अपने साथी आशीष कश्यप के साथ सोनपुरकला स्थित दुकानों में चोरी करना स्वीकार किया। इसके अलावा विद्याधर ने गांधी स्टेडियम के पास से एक स्कूटी चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इसके कब्जे से चोरी की स्कूटी भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी विद्याधर दास व उसके साथी आशीष कश्यप को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। उप निरीक्षक डाकेश्वर सिंह, उप निरीक्षक राम नरेश गुप्ता, आरक्षक कुंदन सिंह, प्रवीण तिवारी, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

# बोलबम... बोलबम... के जयकारों के साथ हजारों की संख्या में कांवरिए कैलाश गुफा के लिए रवाना





-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** रविवार को शंकरघाट बांकी नदी से जल उठाकर हजारों कांवरिए 80 किलोमीटर का पद यात्रा कर सोमवार को कैलाश गुफा पहुंच कर भगवान भोले को जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय रहा। बोल बम व हर-हर महावेद के जयकारों से गुंजता रहा। अंबिकापुर से लेकर बतौली तक भक्ति और उल्लास के बीच कांवरियों का रेला लगा रहा। जगह-जगह कांवरियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। कावंरयात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारी की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई थी। सरगुजा कांवरिया सेवा संघ के तत्वावधान में कांवर पदयात्रा पिछले 37 वर्षों से निकाली जा रही है। पिछले दो वर्षों से कोरोना काल के कारण कांवर यात्रा सार्वजनिक रूप से नहीं निकाली गई थी। इस वर्ष रविवार को अंबिकापुर स्थित शंकरघाट बांकी नदी से जल उठाकर हजारों की संख्या में कांवरिए कैलाश गुफा के लिए रैली की शक्ल में रवाना हुआ। कांवरियों का जत्था रविवार की देर रात से निकलनी शुरू हो गई थी। कांवर यात्रा में सरगुजा सहित कोरिया, रायगढ़, जशपुर जिले के अलावा सीमावर्ती राज्यों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु कांवर यात्रा में शामिल हुए। कांवर यात्रा में शामिल होने के लिए शनिवार की दोपहर से ही कांवरियों का पहुंचना शुरू हो गया था। शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि के बाद एक बजे से ही स्थानीय शंकरघाट में बांकी नदी से जल उठाने कांवरियों का हुजूम उमड़ पड़ा। हजारों कांवरियों ने शंकरघाट में ही अपना पड़ाव डाल रखा था। सावन महीने में अंबिकापुर स्थित शंकरघाट बांक नदी से जल उठाकर कैलाश गुफा स्थित भगवान कैलाशनाथेश्वर को जलाभिषेक करने का लोगों को पूरे साल इंतजार रहता है। रविवार की सुबह-सुबह गेरूवा मैय रहा। इस दौरान बोलबम... बोलबम... हर-हर महादेव... जय जय शिवशंकर के जयघोष से पूरा माहौल भक्मिय रहा। इस दौरान कांवरियों का जत्था शंकरघाट से नाचते-गाते उत्साह व उमंग के साथ कांवरियें पावन यात्रा के लिए निकले। सूर्योदय होने से पहले तक कई कांवरिए शहर छोड़ चुके थे। कांवर यात्रा में महिला, पुरूष, बुजुर्ग के साथ-साथ छोटे बच्चों में भी उत्साह देखा गया।

### जगह-जगह कांवरियों का किया गया स्वागत

रास्ते भर विभिन्न संगठनों द्वारा कांवरियों का स्वागत, जलपान व नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। यात्रा स्थानीय शंकरघाट से प्रारंभ होकर लुचकी, चेंद्रा, लमगांव होते देर शाम बतौली पहुंची। यहां विश्राम करने के बाद जत्था कैलाश गुफा के लिए रवाना हुआ और सोमवार को जलाभिषेक किया।

### विभिन्न संगठनों ने निकाली आकर्षक झांकियां

कांवर पदयात्रा के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय रहा। इस दौरान विभिन्न संगठनों द्वारा आकर्षक झांकियां भी निकाली गई। भोलेनाथ-पार्वती व भगवान गणेश की जीवंत झांकी निकाली गई। इस दौरान झांकियां आकर्षक का केन्द्र रहा। वहीं शहर में कांवरियों को जग-जगह स्वागत भी किया गया।

# दुर्घटना से बचाने मवेशियों को लगाया जा रहा रेडियम कॉलर



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** सड़क में बैठे मवेशियों को मोटर वाहन आदि के कारण दुर्घटना से बचाने के लिए अब मवेशियों को रेडियम कॉलर पहनाए जा रहे है। रेडियम कॉलर पहने होने से मोटर वाहन के लाइट का प्रकाश जैसे ही मवेशी पर पड़ेगा वैसे ही तेज चमक निकलेगा जिससे वाहन चालक को दूर से मवेशी दिखाई देगा और वाहन चालक सतर्क होकर सावधानी पूर्वक वाहन चलाते हुए आगे बढ़ जाएगा।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा रविवार को लखनपुर विकासखण्ड के राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए गांवों के मवेशियों में रेडियम कॉलर लगाने की शुरुआत की। पशुओं की संख्यानुसार पशुपालकों को रेडियम कॉलर उपलब्ध कराकर, पहनने में तरीके बताए गए और सभी मवेशियों को पहनाने की समझाइश दी गई। प्रभारी उप संचालक डॉ तनवीर अहमद ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास के गाँव के सभी मवेशियों में रेडियम कॉलर लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत लखनपुर विकासखण्ड से शुरू की गई है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास के गांव के मवेशी अक्सर सड़क पर घूमते हुए या बैठे हुए पाए जाते है। रात्रि में ठीक से दिखाई नहीं देने के कारण दो पहिया या चार पहिया वाहनों के द्वारा इन मवेशियों से टकराने कारण दुर्घटना हो जाती है जिससे मवेशियों के साथ कभी-कभी जन हानि भी होती है।

# कीटनाशक सेवन कर ग्रामीण ने दी जान




-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** अज्ञात कारण से एक ग्रामीण 23 जुलाई को कीटनाशक सेवन कर लिया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामबहाल उम्र 55 वर्ष ग्राम बुलगा थाना लुण्ड्रा का रहने वाला थ। वह 23 जुलाई को अज्ञात कारण से कीटनाशक सेवन कर लिया था। सूचना पर खेत में काम कर रहे बेटा अविनाश घर पहुंचा और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# संगठन में योग्य,मजबूत और निष्ठवान कार्यकर्ता का चयन कर देना हम सब की जिम्मेदारी:राजीव चौधरी

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** कांग्रेस संगठन में जमीनी,निष्ठावान और मजबूत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। आम सहमति बनाने का प्रयास है। सभी बीआरओ तीन दिन में अपने ब्लॉक का चुनाव सम्पन्न कराएंगे। सरगुजा में एक लाख 12 हजार से ज्यादा सदस्य बनाये गए है। संगठन चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त जिला डीआरओ राजीव चौधरी ने संगठन चुनाव के परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक अध्यक्ष, बीआरओ,जिला प्रतिनिधियों की बैठक ली।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आगामी वर्ष में विधानसभा और लोकसभा का चुनाव होना है।यही कार्यकारिणी चुनाव सम्पन्न कराएगी। संगठन में योग्य, मजबूत और निष्ठावान कार्यकर्ता का चयन कर उसे महत्वपूर्ण जवाबदारी देना हम सब की जिम्मेदारी है। कांग्रेस संगठन में उदयपुर संकल्प शिविर में हुए निर्णय का पालन किया जाएगा। बीआरओ आगामी तीन दिनों में अपने प्रभार वाले ब्लॉक में जाकर अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे।बीआरओ के साथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक समन्वयक को नियुक्त किया गया है।ये समन्वयक ब्लॉक में समन्वय बनाने का प्रयास करेंगे। पांच साल से किसी पद पर बैठे लोगों को बदला जाएगा।नए और ऊर्जावान लोगो को जवाबदारी मिलेगी। राज्य श्रम मण्डल अध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि समन्वय के साथ संगठन बनाना हम सब की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।बैठक को बालकृष्ण पाठक अध्यक्ष औषधीय पादप बोर्ड,प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव,प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा,महापौर डॉ अजय तिर्की,जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह,ने संगठन पर बल दिया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया आज की बैठक में सरगुजा के 10 संगठन ब्लॉक में 8 ब्लॉक के बीआरओ और ब्लॉक अध्यक्ष शामिल हुए। सरगुजा जिले में एक लाख बारह हजार से ज्यादा सदस्य बनाये गए हैं। दो ब्लॉक अध्यक्ष जिले से बाहर होने से उपस्थित नहीं हो सके। 78 हजार 300 डिजिटल और करीब 35 हजार सदस्य बुक के माध्यम से बनाये गए हैं। आज की बैठक में सिर्फ बीआरओ,ब्लॉक अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधियों को बुलाया गया था।



# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का हड़ताल आज से,सरकारी दफ्तर, स्कूल चिकित्सालय पर पड़ेगा असर

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सरगुजा के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन दिनांक 25 से 29 जुलाई तक महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता को लेकर पूरा प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी आंदोलन पर चले गए। सरकारी दफ्तर, स्कूल चिकित्सालय सभी बंद रहेंगे। हड़ताल को सफल बनाने के लिए पदाधिकारी ब्लॉक जिला एवं प्रदेश स्तर पर लगातार दौरा कर रहे हैं। तथा सभी कर्मचारी अधिकारी द्वारा सामूहिक अवकाश का आवेदन जमा कर दिया गया है। फेडरेशन द्वारा अपनी 2 सूत्री मांगों को लेकर विगत 2 वर्षों से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार अपने कर्मचारी के महंगाई भत्ता गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत नहीं किया गया जिससे पूरे कर्मचारी अधिकारी में आक्रोश व्याप्त है दूसरी तरफ सरकार ने अपने विधायक मंत्रियों के वेतन भत्ता दोगुनी कर लिया। प्रत्येक कर्मचारियों को 3000 से लेकर 15000 प्रतिमाह आर्थिक क्षति हो रही है, शासन द्वारा पूर्व के दे महंगाई भत्ते का एरियर का भुगतान नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों को डेढ़ लाख से तीन लाख का नुकसान उठाना पड़ रहा है ,छत्तीसगढ़ राज्य वन संपदा खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के होते हुए भी अपनी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता जैसे छोटी मांगों को पूरा नहीं कर पा रही है जबकि झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा जैसे कई राज्यों ने अपने कर्मचारियों को केंद्र के समान 34त्न महंगाई भत्ता प्रदान कर दिया है फेडरेशन ने आह्वान किया है कि 25/07/ 22 को प्रातः 11ः00 बजे कलेक्ट्रेट ब्रांच एसबीआई शाखा अंबिकापुर के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा, साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की जा रही है इस आंदोलन को सफल बनाने में सभी संगठनों के प्रांतीय पदाधिकारी जिला अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों ने प्रमुख भूमिका निभाई है साथ ही 29 जुलाई को सभी विकास खंडों के कर्मचारी अधिकारी जिला मुख्यालय में एकत्रित होंगे जिला स्तर पर विशाल रैली निकालकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# जनजातीय खेल प्रतियोगिता अब 31 जुलाई को

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए 25 जुलाई को विशेष पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय घंघरी में आयोजित शालेय स्तर खेल प्रतियोगिता अब 31 जुलाई 2022 को होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जे.आर. नागवंशी ने बताया है कि 25 जुलाई से 29 जुलाई तक अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण खेल प्रतियोगिता तिथि में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को कन्या क्रीड़ा परिसर में आयोजित खुली प्रतियोगिता का आयोजन अब 1 अगस्त को पूर्व निर्धारित स्थान व समय पर होगा।

# टायर फटने से ऑटो पलटी,घायल चालक की मौत

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** चलती ऑटो का टायर फटने से ऑटो पलट गई और चालक घायल हो गया। अंदरूनी चोट लगने से उसे तत्काल पता नहीं चला और घर जाकर सो गया। कुछ देर बाद सो कर उठा तो उसे दर्द होने लगी तब परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फिरोज अहमद पिता जाहिद उम्र 30 वर्ष ग्राम विशुनपुर थाना सीतापुर का निवासी था। वह ऑटो चलाने का काम करता था। वह 22 जुलाई को ऑटो चलाकर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में कारावेल बस स्टैंड पुलिया के पास अचानक चलती ऑटो का टायर फट गया। इससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई और चालक फिरोज जख्मी हो गया। अंदरूनी चोट लगने के कारण तत्काल उसे पता नहीं चल पाया और वह घर जाकर सो गया। कुछ देर बाद जब वह सो कर उठा तो उसे दर्द होने लगा। परिजन उसे इलाज के लिए सीतापुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाजा के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान 24 जुलाई की दोपहर उसकी मौत हो गई।








# मैनपाट में हाथियों ने बुजुर्ग महिला को कुचल कर मारा,पति भागने के दौरान गिर कर घायल



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** मैनपाट में इन दिनों 6 हाथियों का दल अलग-अलग इलाके में विचरण कर रहा है। शनिवार की रात हाथियों के दल ने एक ग्रामीण का घर ढहाना शुरु किया। यह देख घर पर रहे बुजुर्ग पति-पत्नी निकलकर भागने लगे। इसी बीच दरवाजे पर खड़े एक हाथी ने महिला को कुचलकर मार डाला, जबकि भागने के दौरान महिला का पति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि जिस गांव में यह घटना हुई, वहां के सभी ग्रामीण रात में अपने घर की जगह पक्के के बने आंगनबाड़ी भवन में सोते हैं। बुजुर्ग पति-पत्नी को रात में जाने में देर हो गई थी, इसी बीच यह घटना हो गई। सरगुजा में हाथियों द्वारा मार डालने की इस साल की यह पहली घटना है। मैनपाट के बरडांड़ निवासी वनस्पतिया बाई 65 वर्ष अपने पति शोभनाथ के साथ रहती थी। शनिवार की रात पति-पत्नी खाना खाने के बाद रात करीब 11 बजे घर के नजदीक ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सोने जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच 6 हाथियों का दल वहां आ पहुंचा और उनके घर को ढहाने लगा।

बारिश व धूंध के कारण पति-पत्नी को कुछ दिखाई नहीं दिया और वे जान बचाने घर से निकल गए। इसी बीच दरवाजे पर ही खड़े एक हाथी ने वनस्पतिया को सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया और पैरों से कुचलकर मार डाला। इधर महिला का पति किसी तरह वहां से भाग निकला लेकिन भागने के दौरान वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रामीणों द्वारा कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर वन विभाग द्वारा महिला के परिजन को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई।

गौरतलब है कि हाथियों के दहशत से बरडांड़ समेत अन्य गांवों के लोग रात में खाना खाने के बाद अपने घर पर नहीं सोते हैं। प्रशासन व वन विभाग द्वारा सभी के सोने की व्यवस्था आंगनबाड़ी भवन में की गई है। ऐसे में ग्रामीण पूरे परिवार के साथ वहां चले जाते हैं। शनिवार की रात बुजुर्ग दंपती को आंगनबाड़ी भवन में जाने में देर हो गई थी। उन्होंने यह सोचा था कि बगल में ही आंगनबाड़ी स्थित है तो कुछ देर में चले जाएंगे लेकिन इसी बीच यह घटना हो गई। मैनपाट में यूं तो हर साल हाथियों का दल जमकर उत्पात मचाता है और घर, फसल के साथ जनहानि भी करता है। इस साल भी हाथियों के दल द्वारा घर तोड़ने के अलावा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस साल हाथी मैनपाट क्षेत्र में 65 घर तोड़ चुके हैं। वन विभाग भी हाथियों के आगे असहाय नजर आ रहा है।

# टीएस समर्थकों ने मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल का किया विरोध

» मुख्यमंत्री के पिता का जिला मुख्यालय में किया गया पुतला दहन,ब्राह्मण समाज ने की कार्यवाही की मांग।
» कोरिया जिले के प्रवास पर हैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल।
» अपने पिता के बयानों पर नियंत्रण रख पाने में मुख्यमंत्री लगातार हो रहें हैं असफल।
» टीएस सिंहदेव समर्थक कांग्रेसियों ने घड़ी चौक पर जलाया पुतला,विधायक गुट नदारद रहा।
» मुख्यमंत्री के पिता ने टीएस सिंहदेव से सभी विभागों से इस्तीफा देने का बयान जारी किया था।
» ब्राह्मण समाज पर भी की है अप्रिय टिपण्णी,भरतपुर सोनहत विधायक व मनेंद्रगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष साथ थे मौजूद।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार में सबकुछ बेहतर नहीं चल रहा है खासकर टी एस सिंहदेव को लेकर मुख्यमंत्री बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं हैं जबकि टी एस सिंहदेव ने हमेशा अपने संयम का परिचय दिया सरकार के साढ़े तीन सालों के कार्यकाल में यह लगातार देखा जा रहा है लेकिन टी एस सिंहदेव पर होने वाले हमलों की बात की जाए तो गाहे बगाहे कोई न कोई कांग्रेसी विधायक या स्वयं मुख्यमंत्री के पिता लगातार टी एस सिंहदेव के खिलाफ अप्रिय टिपण्णी करने से बाज नहीं आते वहीं मुख्यमंत्री के पिता ब्राह्मणों को लेकर भी लगातार अप्रिय टिप्पणी कर जा रहें हैं जिसपर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है और अब उसकी परिणीति बैकुंठपुर जिला मुख्यालय सहित मनेंद्रगढ़ में देखने को मिली जब बैकुंठपुर जिला मुख्यालय में टी एस सिंहदेव से सभी विभागों से स्तीफा मांगने के बयान जारी करने को लेकर मुख्यमंत्री के पिता नंद कुमार बघेल का घड़ी चौक पर कांग्रेसियों ने ही पुतला फूंका है और इस दौरान पुलिस को भी पुतला दहन करने से रोकते नहीं देखा गया है जबकि घड़ी चौक पर अमूमन पुलिसकर्मियों की मौजूदगी बनी रहती है। वहीं मनेंद्रगढ़ में ब्राह्मण समाज ने भी पुलिस थाने जाकर नंद कुमार बघेल के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है ब्राह्मण समाज समाज को लेकर की जा रही उनकी अप्रिय टिप्पणी से आहत है।





### ब्राह्मण समाज को विदेशी बताते चले आ रहें हैं नंद कुमार बघेल

मुख्यमंत्री के पिता नंद कुमार बघेल ब्राह्मण समाज को लगातार विदेशी कहते चले आ रहें हैं,वह गाहे बगाहे जब बयान जारी करते हैं ब्राह्मणों को लेकर उनका रुख सही नहीं होता और उनका अपमान करने की उनकी आदत सी बन चुकी है ऐसा ब्राह्मण समाज का कहना है और वह कार्यवाही की मांग कर रहें हैं।ब्राह्मण समाज ने मनेंद्रगढ़ में नंद कुमार बघेल द्वारा दिये गए बयान जो ब्राह्मणों के लिए अप्रिय बयान है को लेकर नाराजगी जाहिर की है,बता दें कि मुख्यमंत्री के पिता ने उत्तरप्रदेश जाकर भी बयान जारी किया था ,,तब उनकी गिरफ्तारी हुई थी और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया था।

### युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित टीएस सिंहदेव समर्थकों ने फूंका पुतला

टी एस सिंहदेव को लेकर भी मुख्यमंत्री के पिता ने बयान जारी किया है और उनसे सभी विभागों से स्तीफा देने को कहा है। टी एस समर्थकों में युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित अन्य ने बैकुंठपुर घड़ी चौक में नंद कुमार बघेल का पुतला फूंका है और इस दौरान अपनी नाराजगी जाहिर की है।

### विधायक समर्थक रहे नदारद

बैकुंठपुर में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित अन्य टी एस समर्थक कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के पिता का पुतला फूंका और इस दौरान विधायक समर्थकों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। विधायक को पहले टी एस समर्थक माना जाता था लेकिन भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आगमन के पश्चात यह माना जाने लगा कि विधायक बैकुंठपुर ने अपना पाला बदल लिया है और अब वह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ हैं और इसीलिए उनके समर्थक पुतला दहन में शामिल नहीं हुए।

### भरतपुर सोनहत विधायक एवम मनेंद्रग नगरपालिका अध्यक्ष से भी ब्राह्मण समाज है खफा

निर्वाचित जनप्रतिनिधि सर्व समाज का होता है और उसको धर्म जाती समाज से ऊपर उठकर निर्णय लेना होता है साथ ही यही वह शपथ भी लेता है ऐसा संविधान अनुसार तय है जिसका उलंघन किया है भरतपुर सोनहत विधायक एवम मनेंद्रगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष ने ऐसा ब्राह्मण समाज का मानना है,ब्राह्मण समाज के लोगों का कहना है कि जब मुख्यमंत्री के पिता ब्राह्मण समाज को लेकर गलत बयान जारी कर रहे थे तब यह लोग मौजूद थे और इन्होंने बातों का प्रतिकार नहीं किया जिससे जाहिर है कि यह भी उनकी बातों से सहमत हैं और ऐसा करके इन्होंने अपने शपथ को झूठा साबित किया है जो स्पस्ट हो रहा है।




### मुख्यमंत्री के पिता के बयानों पर मुख्यमंत्री का नियंत्रण नहीं

वैसे प्रदेश के मुखिया होने के नाते मुख्यमंत्री का फर्ज है कि उनकी तरफ से प्रदेश के किसी समाज या किसी व्यक्ति का अपमान न होने पाए लेकिन जिस तरह उनके पिता लगातार ब्राह्मणों सहित टी एस सिंहदेव को।लेकर बयान जारी कर रहें है उससे साफ जाहिर है कि उनका अपने पिता के बयानों पर नियंत्रण नहीं जो मुख्यमंत्री होने के नाते सही नहीं है।

### टीएस सिंहदेव संयम से सह लेते हैं हर अप्रिय बात

वैसे यदि टी एस सिंहदेव की बात की जाए तो उनका संयम देखते ही बनता है,अपने ऊपर होने वाले हर अप्रिय हमले को वह सहजता से सह लेते हैं और कोई प्रतिक्रिया नहीं देते हैं। मुख्यमंत्री के पिता सहित विधायक ने भी टी एस सिंहदेव को लेकर की है अप्रिय बात।

### पुतला दहन के बाद पुलिस जुटी कार्यवाही में

मुख्यमंत्री के पिता का पुतला दहन करने के बाद जब युवक कांग्रेसियों का गुस्सा शांत हुआ तब कहीं जाकर पुलिस को मामले की गंभीरता समझ मे आई कि पुतला मुख्यमंत्री के पिता का फूंका गया है।आनन फानन में पुलिस ने युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित पुतला दहन में शामिल कांग्रेसियों को पकड़कर थाने लाई और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की। वहीं कांग्रेस पदधिकारी सौरव गुप्ता ने कहा है कि मुख्यमंत्री के पिता पार्टी में किसी पद पर नहीं हैं वह कौन होते हैं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव से स्तीफा मांगने वाले।

# सरकार चुनाव कराने से नहीं डर रही तो होने दे कॉपरेटिव सोसायटी का चुनावःअनिल जायसवाल जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा



» किसानों का नेता बनने लग रही बोली,अब पैसा देकर बन सकेगा हर कोई किसान नेता।
» कॉपरेटिव सोसायटी में मनोनयन को लेकर लग रही बोली, वायरल हुआ ऑडियो।
» क्या हर कुछ अब पैसों से ही तय होगा, किसानों के नेता भी पैसों से बनेंगे।
» चुनाव की जगह मनोनयन आखिर क्यों,क्या सरकार चुनाव कराने से डर रही है?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अब किसानों को उनका नेतृत्व देने नए नियम के तहत काम करने जा रही है और वह नियम है मनोनयन का जिसमें अब नेता बनने बोली भी लगने लगी है जिसका ऑडियो जारी हुआ है जिसमें कॉपरेटिव सोसायटी का अध्यक्ष बनने लाखों की बोली लगाई जा रही है। जैसा कि जारी ऑडियो में साफ तौर पर पता चल रहा है कि कॉपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष पद के लिए लाखों की बोली लग रही है और जिससे यह स्पस्ट भी होता नजर आ रहा है कि अब कॉपरेटिव सोसायटी का चुनाव सरकार नहीं कराने वाली और वह मनोनयन कर चुनाव टालना चाहती है और जिस वजह से ही बोली लग रही है।

पूरे मामले पर भाजपा कोरिया किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल का कहना है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार भयभीत हो चुकी है अपनी असफल नीतियों और किसानों के हितों को अनदेखा करने की वजह से उसे डर है कि वह कॉपरेटिव सोसायटी का चुनाव होने पर चुनाव नहीं जीत सकेगी और अध्यक्ष अन्य दलों से बन जाएंगे और इसीलिए वह चुनाव की बजाए मनोनयन कर अध्यक्ष नियुक्त करने की फिराक में है। अनिल जायसवाल का कहना है कि यदि सरकार चुनाव से नहीं डर रही है तो चुनाव कराए जिससे किसानों को उनके मन की पसंद का नेता अध्यक्ष के रूप में मिल सके। किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अब चुनावी तैयारी में जुट चुकी है और वह भयभीत है किसी भी तरह का चुनाव कराने को लेकर उसे डर है कि कहीं अभी किसी भी होने वाले चुनाव में यदि हार हुई तो उसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में भोगना पड़ सकता है। सरकार की एक मंशा और है और वह यह कि मनोनयन के नाम पर उगाही भी हो सके और उगाही लंबी हो सके जिसका चुनाव में उपयोग हो सके। अनिल जायसवाल ने कहा कि कुल मिलाकर किसानों की अनदेखी करने की वजह से भी सरकार भयभीत है। किसानों को न समय पर बीज मिल सका न खाद धान विक्रय की राशि भी पूरी नहीं मिल सकी वहीं किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर सकी इस वजह से उसे हार का डर सता रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी अजीब स्थिति निर्मित कर दी है वर्तमान सरकार ने सरकार किसानों के बीच से उनका नेता चुनने की बजाए मनोनयन करने जा रही है वह भी पैसों के दम पर मनोनयन होगा। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार जिस न्याय की बात के सहारे सरकार बना सकी अब वह न्याय कहीं नजर आ रहा है किसानों को लेकर तो बिल्कुल यह बात सही लगती है।

# आज से सूरजपुर जिले में सभी शासकीय संस्थान हो जाएंगे ठप्प



-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 24 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

मंहगाई भत्ता व गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर छ. ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले 25 जुलाई से 29 जुलाई तक आयोजित काम बंद कलम बंद आंदोलन के सफल संचालन हेतु फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक गढ़ कलेवा सूरजपुर में नवनियुक्त जिला संयोजक अनिल मिश्रा की उपस्थिति में आहूत की गई।

बैठक में उपस्थित विभिन्न संघो के जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों ने जिले के सभी विकासखण्डों में आंदोलन संचालन समिति का गठन किया,आंदोलनरत कर्मचारियों का धरना स्थल ओड़गी में दुर्गा पंडाल ,सूरजपुर में रंगमंच मैदान,प्रेमनगर,रामनुजनगर और भैयाथान में जनपद पंचायत के समीप तथा प्रतापपुर में सामुदायिक भवन निर्धारित किया गया।कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा की अगुवाई में आयोजित हड़ताल में सूरजपुर जिले के विभिन्न विभागों से समस्त संघों के आंदोलन में जाने से सूरजपुर जिले की प्रशासनिक व्यवस्था ठप्प हो जाएगी,स्कूलों समेत सभी कार्यालयों में पूर्णतः तालाबंदी होगी, बैठक में फेडरेशन में उप संयोजक सचिन त्रिपाठी, राम भगत शिवहरे ,दयानंद चौबे ,संजय त्रिपाठी ,योगेश्वर प्रसाद ,इकबाल अंसारी ,दीपक झा ,महेंद्र सिंह ,ओम कुमार गुप्ता, राजकुमार सिंह ,संदीप गुप्ता ,राकेश शुक्ला ,राधेश्याम साहू ,संजय त्रिपाठी ,दीपक गोयल, एवं अन्य के संगठनों के जिला अध्यक्ष सम्मिलित थे।

# पुलिस ने मनेन्द्रगढ़ से बालक को दस्तयाब किया




-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 24 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

घर से नेपाल जाने निकले बालक को कोतवाली पुलिस ने मनेन्द्रगढ़ से दस्तयाब किया है। बालक के मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है।

11. जुलाई को थाना सूरजपुर में सूचना दी गई कि 11 वर्षीय विक्रम 9 जुलाई के सुबह 11 बजे घर से खोलने निकला था जो घर वापस नहीं आया है काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला। मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गुम इंसान व अपराध पंजीबद्ध किया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने नाबालिक बालक की पतासाजी गंभीरतापूर्वक करते हुए जल्द दस्तयाब करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस ने सूचना के तुरंत बाद गुमशुदा के परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए सूरजपुर सहित जिला सरगुजा व कोरिया में गुमशुदा बालक की तलाश करते हुए गुम बालक की तस्वीर शेयर किया। इसी बीच शनिवार को पुलिस को सूचना मिला कि गुम बालक मनेन्द्रगढ़ में देखा गया है। पुलिस ने तत्परतापूर्वक काफी खोजबीन के बाद बालक को मनेन्द्रगढ़ से दस्तयाब किया है। बालक बस के माध्यम से भटकते हुए मनेन्द्रगढ़ जा पहुंचा था और अपने आप को नेपाली बताते हुए नेपाल जाने की बात करता था। किसी के द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाना नहीं बताया जिसे परिजनों को सुपुर्द किया गया,।

# कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीआरओ की सूची जारी नहीं होने पर जताई थी नाराजगी





-पृथ्वीलाल केशरी-
रामानुजगंज 24 जुलाई 2022(घटती घटना)।

प्रदेश में कांग्रेस संगठन चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फटकार विवाह निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वही पार्टी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 307 ब्लाक निर्वाचन अधिकारियों (बीआरओ) की नियुक्ति कि गई है। अखिल भारतीय केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अनुमोदन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश में चुनाव अधिकारी (पीआरओ) हुसैन दलवाई ने बीआरओ की नियुक्ति की है। कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीआरओ की सूची जारी नहीं होने पर नाराजगी जताई थी। सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि एक दिन में सूची जारी की जाए, लेकिन यह सूची एक सप्ताह बाद जारी हो पाई। बीआरओ अब जिलों में जाएंगे और ब्लाक अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। जहां सहमति बनेगी, वहां निर्विरोध निर्वाचन होगा। आम सहमति नहीं बनने की स्थिति में चुनाव कराया जाएगा। इसी कड़ी में बलरामपुर रामानुजगंज जिले के राजपुर विकासखंड में कांग्रेस संगठन चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी हेतु नियुक्त डी.आर.ओ एवं जिले भर के बी.आर.ओ जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी सदस्यों की बैठक स्थानीय मंडी प्रांगण राजपुर में लेकर चुनाव प्रक्रिया के संबंध में सभी को जानकारी दी गई और निवेदन किया गया कि आपसी सहमति से निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं ताकि हम सब की एकजुटता प्रदर्शित हो सके। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी जिला प्रवक्ता सुनील सिंह सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### पीड़ित कार्यकर्ताओं का कौन सुने पुकार

जिले के राजपुर में ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव को लेकर बैठक संपन्न होने के बाद पीड्ति कार्यकर्ताओं ने कहां की जिले में वर्षों से जमे ब्लॉक अध्यक्षों के द्वारा कार्यकर्ताओं का कोई समस्या नहीं सुनी जाती है यहां तक की विपत्ति के समय फोन करने पर फोन भी रिसीव नहीं किया जाता है और जब अध्यक्षों से मुलाकात कर अपनी पीड़ा कही जाती है तो उनका यह जवाब होता है कि आपका फोन आया था लेकिन मैं काम में व्यस्त था इसलिए नहीं उठा सका मैं सोचा कि आपको फोन करूंगा लेकिन मैं भूल गया। कार्यकर्ताओं ने अपने पीड़ा को बया करते हुए कहा कि ऐसे ब्लॉक अध्यक्षों का नियुक्ति ना हो जो कार्यकर्ताओं के याद करने पर बहाना बनाएं और भूल जा ऐसे लोगों की नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसी भी पार्टी के विकास के लिए परिवर्तन आवश्यक होता है इसलिए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ संगठन के लोगों को चाहिए कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले में परिवर्तन करते हुए ऊर्जावान एवं युवा पीढ़ी के हाथ में ब्लॉक अध्यक्षों का दायित्व होना चाहिए। ऐसे लोगों के हाथों में नहीं जो कठपुतली बनकर नाचते रहते हैं।

# पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने डीजल चोर पर की कार्यवाही

-नगर संवाददाता-
कोरबा, 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह के द्वारा अवैध डीजल सट्टा कबाड़ कोयला के तस्करों के ऊपर अंकुश लगाने हेतु चलाये गये मुहिम के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा तथा नगर पुलिस महोदय दर्री सुश्री लितेश सिंह के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी कुसमुण्डा नवीन कुमार देवांगन के नेतृत्व में पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला पुलिस के द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा खदान बैरियर के पास आरोपी कपूर दास को पकड़ा गया ढ्ढ जो मोटर साइकिल में 10-10 लीटर वाले 03 जरकन, 05 लीटर वाले 01 जरकन में भरे कुल 35 लीटर डीजल एवं 10 कि. ग्रा. तांबा का तार रखा था ढ्ढ चोरी का मशरूका रखे होने के संदेह पर धारा 41 (1ङ्क4) जा.फौ./ 379 भा.द.वि. के अंतर्गत कुल 35 लीटर डीजल कीमती 3500 रुपये , 10 कि. ग्रा. तांबा का तार कीमती 5000 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल हीरो होण्डा क्र. सीजी 11, बी 6722 कीमती 15000 रुपये कुल जुमला कीमती 23500 रुपये जब्त किया गया ढ्ढ आरोपी कपूर दास दीवान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में कटघोरा न्यायालय में पेश किया गया है।



# थाना सूरजपुर पुलिस ने 2 लाख रूपये की उठाईगिरी के मामले का किया खुलासा,2 आरोपी गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

दिनांक 07.07.2022 को बाजारपारा रामानुजनगर निवासी मोहम्मद इसराइल खान ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 जुलाई के दोपहर 2 बजे स्टेट बैंक सूरजपुर से 2 लाख रूपये नगद निकाल कर एक रुमाल में लपेटकर अपने मोटरसाइकिल की डिक्की में रखकर लेकर जा रहा था एवं कुछ समय के लिए घोषाल फोटो कॉपी में कुरियर हेतु लिफाफा लेने के लिए मोटरसाइकिल को रोड किनारे खड़ा कर दुकान में गया उसी समय 2 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा मोटरसाइकिल की डिक्की का ताला तोड़कर उसमें रखे 2 लाख रूपये को चोरी कर भाग गये। मामले की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 305/22 धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के द्वारा मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी को आवश्यक निर्देश देकर एक पुलिस टीम गठित की गई जिसमें थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई संतोष सिंह, एएसआई हीरालाल साहू, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, हरेंद्र सिंह आरक्षक लक्ष्मीनारायण मिर्रे, राम कुमार नायक, अखिलेश पांडे, हरिशंकर सिंह, रौशन सिंह, महिला आरक्षक गोमेश्वरी राज को शामिल किया गया। गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल से सीसीटीव्ही फुटेज इकट्ठा कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.के.जोशी के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु अपनी सूझबूझ का प्रयोग करते हुये पतासाजी शुरू किया। पुलिस



टीम के अथक और निरंतर प्रयास के बाद पता चला कि रायगढ़ जिला के कापू थाना स्थित ग्राम कंडरजा विजयनगर के सुनील नट एवं बाबू नट उर्फ पप्पू सिंह नट के द्वारा घटना दिनांक को प्रार्थी मोहम्मद इसराइल खान के मोटर साइकिल की डिक्की को तोड़कर 2 लाख रूपये चोरी करना पाए जाने पर पुलिस टीम के द्वारा अत्यंत दुरस्थ परिस्थितियों में आरोपियों की पतासाजी कर दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने पहले तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया जिनसे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 10 हजार रूपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त स्पेंडर मोटर सायकल जप्त कर आरोपी बाबु नट उर्फ पप्पू सिंह नट पिता आनंद राम उम्र 28 वर्ष निवासी विजयनगर कण्डरजा पटनापारा थाना कापू, जिला रायगढ़ एवं सुनील नट पिता कैलाश नट उम्र 27 वर्ष ग्राम विजयनगर कण्डरजा लीमटिकरा, थाना कापू, जिला रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के द्वारा खर्च किए गए रकम के संबंध में बारीकी से पूछताछ की जा रही है।

गठित पुलिस टीम के द्वारा अथक प्रयास कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी की गई मशरूका की बरामदगी की गई है पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के द्वारा गठित पुलिस टीम को बधाई दी है। पुलिस के द्वारा स्थानीय सोनी मोबाईल के संचालक राजेन्द्र सोनी उर्फ बाबु के द्वारा अपने प्रतिष्ठान के बाहर सीसीटीव्ही कैमरा लगाने पर उन्हें सम्मानित किया गया और सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों से अपने-अपने प्रतिष्ठान के बाहर भी सीसीटीव्ही कैमरा लगाने का अपील किया है।

# सोसाइटी का शुभारंभ हुआ

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

रामानुजनगर- ग्राम पंचायत कौशलपुर मे खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति द्वारा संचालित सोसाइटी का शुभारंभ इस्माइल खान प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा किया गया इस अवसर पर उद्बोधन में इस्माइल खान के द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया ! साथ ही खाद सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सरकारी समिति कौशलपुर के अध्यक्ष रामकुमार साहू एवं उनके समिति के सभी सदस्यों को निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए बधाई दिया गया इस अवसर पर राजू यादव जी ,चंद्र दत्त दुबे, सरपंच चंद्र बोस , उपसरपंच अदर सिंह , सुधाकर शुक्ला , शत्रुघ्न मिश्रा , दिलीप शर्मा, शेष राम राजवाडे, नारायण सिंह , कन्हैया साहू , भैया लाल साहू , संपत साहू , धनीराम सिंह , हरकेश, सहित ग्रामके सभी पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे !

# पाक पीएम शहबाज शरीफ और इमरान खान के बीच ट्विटर पर आए आमने-सामने,हुई तीखी बहस



**इस्लामाबाद, 24 जुलाई 2022।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान के बीच इस मुद्दे पर शनिवार को ट्विटर पर वाकयुद्ध छिड़ गया। इमरान खान ने राष्ट्रीय संपत्तियों को विदेशों में संपत्ति बेचने की सभी प्रक्रियाओं को दरकिनार करने को लेकर निशाना साधा।

स्थानीय मीडियो रिपोर्ट के मुताबिक कैबिनेट द्वारा अध्यादेश को मंजूरी दिए जाने के कुछ घंटों बाद ट्विटर पर तीखी बहस में, पूर्व पाक पीएम इमरान खान ने राष्ट्रीय संपत्ति की बिक्री के लिए ÷आयातित सरकार÷ की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया।

इमरान खान ने पाक पीएम शहबाज पर पिछले 30 वर्षों से पाकिस्तान को लूटने और वर्तमान आर्थिक मंदी का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि इन चोरों को हमारी राष्ट्रीय संपत्ति को कभी भी कुटिल तरीके से बेचने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इस बीच, पीटीआई अध्यक्ष के ट्वीट का जवाब देते हुए, पीएम शहबाज ने कहा कि वह स्मृति हानि से पीड़ित हैं और कुछ अनुस्मारक की आवश्यकता है।

पीएम शहबाज ने लिखा कि एक, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, उनके शासन के दौरान भ्रष्टाचार बढ़ा। यहां तक कि बड़े घोटालों के अलावा तबादलों/पोस्टिंग की भी बिक्री होती थी। उन्होंने कहा कि देश इस बात की कीमत चुका रहे हैं कि उन्होंने अर्थव्यवस्था को कैसे कुप्रबंधित किया। एक चैनल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए, शहबाज ने इमरान खान पर देश की वैश्विक प्रतिष्ठा और स्थिति और मित्र देशों के साथ संबंधों को गहरी चोट पहुंचाने का आरोप लगाया।

## देश के हालात सामान्य करने को लेकर हुई कैबिनेट बैठक,पेट्रोल की कतार में खड़े दो लोगों की मौत



**कोलंबो, 24 जुलाई 2022।** नकदी संकट से जूझ रहे श्रीलंका में पेट्रोल खरीदने के लिए कतार में खड़े दो और लोगों की मौत हो गई। ये मौतें उस दिन हुईं जब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने खराब आर्थिक संकट घटाने के लिए दिनेश गुणवर्धने को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया। उधर, श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने विक्रमसिंघे के नेतृत्व में पहली बैठक की और एक सप्ताह में देश के सामान्य हालात करने के तरीकों पर चर्चा की।

समाचार पोर्टल 'लंका फर्स्ट' के अनुसार, 59 वर्षीय शख्स अपनी मोटरसाइकिल को श्रीलंका के पूर्वी प्रांत में स्थित किनिया में एक पेट्रोल पंप के पास दो रात से अधिक समय से छोड़कर जाते वक्त गिर गया। पीड़ित के शव को पोस्टमार्टम के लिए किनिया बेस अस्पताल ले जाया गया। वहीं देश के पश्चिमी प्रांत के मथुगामा में एक पेट्रोल पंप के बाहर ईंधन लेने के लिए लाइन में लगे 70 वर्षीय शख्स की गिरने के बाद मौत हो गई।

# अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की ओर चीन का बड़ा कदम, पहला लैब मॉड्यूल सफलतापूर्वक लॉन्च किया

**बीजिंग , 24 जुलाई 2022।**

चीन ने रविवार को अपने निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन का पहला लैब मॉड्यूल सफलतापूर्वक लॉन्च किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, लॉन्ग मार्च-5बी ङ्घ3 वाहक रॉकेट, वेंटियन को ले जा रहा था, जो दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान के तट पर वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित हुआ।

नया मॉड्यूल कोर मॉड्यूल के बैकअप के रूप में और देश द्वारा वर्तमान में बनाए जा रहे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन में एक शक्तिशाली वैज्ञानिक प्रयोग मंच के रूप में कार्य करेगा। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण को पूरा करने के लिए सही ट्रैक पर चल रहा है क्योंकि उसने सफलतापूर्वक पहला लैब मॉड्यूल लॉन्च किया है।

खुद का स्पेस स्टेशन स्थापित करने के लिए चीन पूरी ताकत झोंक रहा



बता दें कि अंतरिक्ष में खुद का स्पेस स्टेशन स्थापित करने के लिए चीन पूरी ताकत झोंक रहा है। निर्माण कार्य पूरा करने के लिए एक के बाद एक अंतरिक्ष यात्री को भेजा जा रहा है। इसी क्रम में चीन ने आज तीन अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन पर भेज दिया है। यह मिशन करीब छह महीने तक चलेगा। तीनों यात्री चीनी स्पेस स्टेशन तियांगोंग का निर्माण कार्य पूरा करेंगे।

अंतरिक्ष यात्री चेन डोंग, लियू यांग और कै जुझे शेनझोउ-14 अंतरिक्ष यान के जरिए स्पेस में भेजे गए थे। यह दल पृथ्वी का चक्कर लगा रहे चीन के अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा करेगा। शेनझोउ-14 अंतरिक्षयान को उत्तर पश्चिमी चीन के जिकुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्ग मार्च-2एफ रॉकेट के जरिये अंतरिक्ष में भेजा गया।

### नेशनल स्पेस लैबोरेटरी की जाएगी स्थापित

चीनी अंतरिक्ष एजेंसी, सीएमएसए के डिप्टी डायरेक्टर लिन शिक्वियांग ने बताया कि मिशन के जरिए स्पेश स्टेशन को नेशनल स्पेस लैबोरेटरी बनाया जाएगा। लिन ने बताया कि शेनझोउ-14 का क्रू ग्राउंड टीम के साथ मिलकर काम करेगा। टीम कोर मॉड्यूल के साथ दो लैब मॉड्यूल के डॉकिंग और ट्रांसपोजिशन को पूरा करने का काम करेगी। वे पहली बार दो लैब मॉड्यूल में प्रवेश करेंगे और पर्यावरण को रहने के लिए उपयुक्त बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि वे दो मॉड्यूल में एक दर्जन से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग कैबिनेट खोलेंगे और उन्हें स्थापित करेंगे।

# नशा कारोबार नियंत्रण पर भारत और अमेरिका में समझौता,कई मुद्दों पर बनी सहमति

**वाशिंगटन, 24 जुलाई 2022।** भारत-अमेरिका में नारकोटिक्स नियंत्रण और कानून प्रवर्तन सहयोग के क्षेत्र में एक संशोधित पत्र समझौते (एएलओए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया, सात-आठ जुलाई को नई दिल्ली में भारत-अमेरिका काउंटर-नारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक में दस्तखत किए गए।




अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक साझा बयान में कहा गया कि एनसीबी महानिदेशक सत्य नारायण प्रधान ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुआई की और व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय औषधि नियंत्रण नीति के निदेशक के वरिष्ठ सलाहकार कैंप चेस्टर ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

बयान के मुताबिक, कानून प्रवर्तन, नीति निर्माण, दवा की मांग में कमी और अन्य नशीली दवाओं से संबंधित मामलों के लिए जिम्मेदार संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने नशीली दवाओं की मांग, नशे की तस्करी और आपराधिक जांच पर सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में दोनों पक्षों ने बहुपक्षीय मंचों में कानून प्रवर्तन समन्वय, नियामक मामलों और द्विपक्षीय सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा की।

### कई मुद्दों पर सहमति

भारत और अमेरिका नशा-रोधी वर्किंग ग्रुप की छत्रछाया में नशीली दवाओं की मांग में कमी के विषयों को शामिल करने और नशीली दवाओं के तस्करी नेटवर्क द्वारा डायवर्ट अनियमित रसायनों से जूझने के लिए सहयोग पर भी सहमत हुए। दोनों पक्षों ने मादक पदार्थों की तस्करी और संबंधित अपराधों से निपटने में सूचना-साझाकरण और क्षमता निर्माण पर घनिष्ठ सहयोग पर भी चर्चा की।

## मेटा अपने ओवरसाइट बोर्ड को अतिरिक्त 15 करोड़ डॉलर का देगा योगदान

**सैन फ्रांसिस्को ,24 जुलाई 2022।** टेक दिग्गज मेटा ने एक प्रतिबद्धता बनाई है जो ओवरसाइट बोर्ड के लिए चल रही वित्तीय सहायता प्रदान करती है और उस प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, यह ट्रस्ट को 15 करोड़ डॉलर का योगदान देगा। माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर, ग्लोबल अफेयर्स के मेटा प्रेसिडेंट निक क्लेग ने कहा कि यह पैसा ओवरसाइट बोर्ड ट्रस्ट में जाएगा, जो बोर्ड को एक अलग इकाई के रूप में काम करना जारी रखने में सक्षम बनाता है।

क्लेग ने लिखा, इसके लॉन्च के बाद से ओवरसाइट बोर्ड का एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। इसके बाध्यकारी मामले के फैसले और गैर-बाध्यकारी सिफारिशों ने हमारे सामग्री निर्णयों में अधिक पारदर्शिता का नेतृत्व किया है और हमें मेटा की नीति और प्रवर्तन प्रथाओं को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया है।

ट्रस्ट की शर्तों के तहत कंपनी द्वारा योगदान की गई धनराशि अपरिवर्तनीय है और इसका उपयोग केवल ट्रस्ट के फंडिंग, प्रबंधन और ओवरसाइट बोर्ड के संचालन की देखरेख के उद्देश्य को पूरा करने के लिए किया जा सकता है।

ट्रस्ट को यह 15 करोड़ डॉलर का योगदान कंपनी के 2019 में घोषित किए गए 13 करोड़ डॉलर के पूर्व योगदान के अतिरिक्त है, जब ट्रस्ट पहली बार स्थापित हुआ था।

## फिलीपीन की यूनिवर्सिटी में फायरिंग,तीन लोगों की मौत,कई लोगों के घायल होने की खबर



**मनीला , 24 जुलाई 2022।**

फिलीपीन में रविवार को एक विश्वविद्यालय में फायरिंग हुई। इस घटना में तीन की मौत और कई के घायल होने की खबर है। पुलिस के मुताबिक, रविवार को राजधानी मनीला स्थित एक यूनिवर्सिटी के स्नातक समारोह के दौरान फायरिंग की गई। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम दो अन्य के घायल बताए जा रहे हैं। क्यूजोन शहर के पुलिस प्रमुख रेमुस मेडिना ने एक टेलीविजन चैनल को बताया कि संदिग्ध पुलिस की हिरासत में है और पूछताछ की जा रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दो पिस्तौल से लैस हमलावर ने क्यूजोन शहर में एटेनियो डी मनीला यूनिवर्सिटी के गेट के पास फायरिंग की। इसके बाद उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने कहा कि यूनिवर्सिटी को बंद कर दिया गया है और लॉ स्कूल में आयोजित स्नातक समारोह को रद्द कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायादीश अलेक्जेंडर गेसमुंडो हमले के समय यूनिवर्सिटी जा रहे थे। उन्हें समारोह में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्हें वापस लौटने की सलाह दी गई।

क्यूजोन शहर के मेयर जॉय बेलमोंटे ने हमले की निंदा की है। उन्होंने एक बयान में कहा, इस तरह की घटना का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और इसकी उच्चतम स्तर तक निंदा की जानी चाहिए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हमले में दक्षिणी बेसिलन प्रांत के लामिटान शहर की पूर्व मेयर रोजिता फुरिगे, उनकी सहयोगी और यूनिवर्सिटी के सिक्योरिटी गार्ड मारे गए। स्नातक समारोह में शामिल होने वाली फुरिगे की बेटी घायल हुई हैं और उसे अस्पताल ले जाया गया है।

# नेपाल की संसद ने नागरिकता कानून में संशोधन को दी मंजूरी

**काठमांडो, 24 जुलाई 2022।** नेपाल की संसद ने नागरिकता कानून-2006 में बहुप्रतीक्षित संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। यह नेपाली नागरिकों के हजारों बच्चों को नागरिकता मिलने का मार्ग प्रशस्त करेगा। नेपाल के गृह मंत्री बालकृष्ण खंड ने नागरिकता विधायक (पहला संशोधन-2022) प्रतिनिधि सभा में पेश किया।

सांसदों ने इसे पास करने से पहले विभिन्न प्रावधानों, जैसे नेपाली पुरुष से विवाह करने वाली विदेशी महिला और उनके नेपाल में जन्मे बच्चों, नेपाली माता से जन्मी संतानों को नागरिकता देने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसके बाद इसे सामान्य बहुमत से पास कर दिया गया। अब यह नेशनल असेंबली में जाएगा। यहां से पास होने के बाद यह राष्ट्रपति के पास जाएगा और उनकी मंजूरी के बाद नागरिकता कानून का भाग बन जाएगा। यह जन्म से नागरिक हजारों माता-पिता के बच्चों को वंश के आधार पर नागरिकता का रास्ता साफ करेगा। काठमांडो पोस्ट अखबार के मुताबिक, इसके लागू होने के बाद 20 सितंबर 2015 से पूर्व जन्मे बच्चों को माता अथवा पिता के नेपाल में रहने पर वंश के आधार पर नागरिकता मिलेगी। यह विधेयक 2020 से प्रतिनिधि सभा में विचाराधीन था, लेकिन पार्टियों के बीच प्रावधानों पर सहमति नहीं बनने के कारण पास नहीं हो सका था।



# सोशल मीडिया पर तलाक के बारे में बता रही थी पाकिस्तानी महिला,पति ने उतारा मौत के घाट

**शिकागो , 24 जुलाई 2022।**

शिकागो में रह रहीं 29 वर्षीय पाकिस्तानी मूल की महिला सानिया खान को अपने तलाक के बारे में सोशल मीडिया पर खुलासा करना महंगा पड़ गया। महिला को अंदाजा नहीं था कि उसका यह कदम उसकी जान ले लेगा। दरअसल, महिला अपने पति से हो रहे तलाक के बारे में सोशल मीडिया पर चर्चा कर रही थी। लोगों को बता रही थी कि उसका तलाक कैसे हो रहा है और क्यों हो रहा है? वहीं जब यह वायरल वीडियो उसके पति के पास पहुंचा तो वह देखते ही आगबबूला हो गया और फिर उसने खौफनाक योजना बनाई। इसके बाद वह मौके की तलाश में था कि कब उसकी पत्नी दिखेगी और उसका खात्मा कर देगा। आखिर वह मौका मिल ही गया। एक दिन महिला का पति उसके घर जा धमका और गोली चलाकर हत्या कर दी।

### शिकागो में अलग रह रही थीं सानिया

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी अमेरिकी सानिया खान शिकागो के चट्टानूगा में रह रही थीं। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंटों ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद एक महिला की दर्द से कराहने की आवाज सुनी। उन्होंने जैसे ही दरवाजा खोला सानिया को जमीन पर गिरे पाया। सानिया के सिर में गोली लगी थी। हालांकि कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। जबकि आदमी को नॉर्थवेस्टर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया और घटनास्थल से एक हथियार बरामद किया गया। सानिया खान के दोस्तों के मुताबिक, दोनों का मई में तलाक हुआ था। राहील अहमद जार्जिया में रहता था। वह निकाह बचाने की कोशिश कर रहा था।



### सानिया के इस पोस्ट से भड़क गया था उसका पति

सानिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि एक दक्षिण एशियाई महिला के रूप में तलाक के दौर से गुजरते हुए ऐसा लगता है कि आप जीवन में कभी-कभी असफल हो जाते हैं। जिस तरह से समुदाय आपको आंकता है और आपको भावनात्मक समर्थन के बजाय ताना देने की कोशिश करता है वह किसी भी स्तर से सही नहीं है। आपके घर के लोग ही साथ रहने का दबाव बनाने लगते हैं जहां कि आप नहीं जाना चाहते हो। %लोग क्या कहेंगे% ये अलग-थलग है, इन सब तानों से गुजरना पड़ता है। इससे महिलाओं के लिए विवाह छोड़ना कठिन हो जाता है। जोकि नहीं होना चाहिए।

## थाईलैंड के पीएम प्रयुत ने जीता अविश्वास प्रस्ताव, चार दिन हुई बहस के बाद हुए मतदान में मिले 256 वोट

**बैंकॉक, 24 जुलाई 2022।**

थाईलैंड में अगले साल आम चुनाव होने से पहले उम्मीद के अनुरूप थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओचा ने शनिवार को संसद में अपना चौथा और अंतिम अविश्वास मत जीत लिया। प्रयुथ (68) और उनके 10 कैबिनेट सदस्यों को लेकर चार दिन तक हुई बहस के बाद मतदान हुआ। प्रयुत को 256 वोट मिले, जबकि उनके विरोध में 206 वोट पड़े। वहीं, नौ सांसद मतदान में गैरहाजिर रहे।



विपक्ष ने बढ़ते सरकारी ऋण और भ्रष्टाचार को रोकने में नाकाम रहने के लिए प्रयुत सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया था। संसद में मौजूदा गठबंधन सरकार के बहुमत की बदौलत सभी 10 कैबिनेट मंत्री भी बच गए। मुख्य विपक्षी दल फेउ थाई पार्टी के प्रमुख चोलनन श्रीकाव ने कहा कि परिणाम निराशाजनक थे, क्योंकि ये जनता की भावना को नहीं दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि हम संसद में नहीं जीत सकते, लेकिन हम आम चुनाव में नहीं हारेंगे। सेवानिवृत्त जनरल प्रयुत 2020 के बाद से तीन निंदा प्रस्तावों से बचने में सफल रहे हैं और बहुमत होने के कारण उनकी गठबंधन सरकार बरकरार है।

### तख्तापलट के दौरान सत्ता में आए थे प्रयुत

प्रयुत 2014 के तख्तापलट के दौरान सत्ता में आए थे और बाद में 2019 के आम चुनावों में प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। बैंकॉक के रंगसिट विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के व्याख्याता प्रोफेसर वानविच बूनप्रोंग ने कहा कि प्रयुत को मिले वोट की संख्या उनकी सरकार की स्थिरता को प्रभावित कर सकती है और यह तय कर सकती है कि अगले साल मार्च में होने वाले आम चुनावों के लिए राजनीतिक गठबंधन की स्थिति कैसी होगी।

# दस्तावेजों में सिर्फ गैर शादीशुदा मां का नाम रखना चाहता था बेटा,हाईकोर्ट ने दी मंजूरी

**तिरुवनंतपुरम , 24 जुलाई 2022।** केरल हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एक गैरशादीशुदा महिला के बच्चों को अपने सभी पहचान के दस्तावेजों में सिर्फ मां के नाम के इस्तेमाल की इजाजत दे दी है। इसी के साथ उच्चतम न्यायालय ने कहा कि देश में गैरशादीशुदा और दुष्कर्म पीड़ित महिलाओं के बच्चों को भी निजता, सम्मान और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों के साथ जीने की पूरी छूट है।

केरल हाईकोर्ट की जस्टिस पीवी कुन्हिकृष्णन की बेंच ने 19 जुलाई को जारी आदेश में कहा कि गैरशादीशुदा मां का बच्चा भी इसी देश का नागरिक है और कोई भी संविधान के तहत उसे मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं कर सकता। आदेश में कहा गया- अगर कोई व्यक्ति उनकी निजी जिंदगी में इन अधिकारों का उल्लंघन करता है तो यह कोर्ट उसके अधिकारों की रक्षा करेगी। बताया गया है कि याचिकाकर्ता के तीन अलग-अलग दस्तावेजों में उसके पिता के अलग-अलग नाम दिए गए थे।




कोर्ट ने जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड रखने वाले रजिस्ट्रार को आदेश दिया कि अगर याचिकाकर्ता की मर्जी हो तो वह जन्म प्रमाणपत्र से उसके पिता का नाम हटा दे और इसकी जगह सिर्फ मां को ही एकल अभिभावक के तौर पर दिखाए। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता सिर्फ एक गैरशादीशुदा मां का ही नहीं बल्कि भारत देश का बच्चा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्यों को अपने नागरिकों को बराबरी के साथ रखना चाहिए और उसकी पहचान और निजता का हनन नहीं करना चाहिए, वर्ना इससे बच्चों को कई परेशानियों से गुजरना पड़ता है।

# कोरिया के पुलिसकर्मी आखिर अपने अधिकारियों के लिए क्यों बनते हैं फजीहत?

» पुलिस ने जिसे फरार बता रही वह आरोपी नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक की सभा में कैसे रहा उपस्थित?

» फरार आरोपी और नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक एक ही सभा में अब आम नागरिक न्याय कि किससे करें उम्मीद

» फजी एनओसी मामला,आरोपी की पुनरीक्षण याचिका खारिज होने के बाद भी गिरफ्तारी क्यों नहीं?

» थाना प्रभारी का कहना निर्दोष पर कार्यवाही ना हो जाए इसलिए हस्ताक्षर जांच करा रहे,5 महीने बीत गए कब होगी हस्ताक्षर जांच?

» फाइनेंस कंपनी के अधिकारी पुलिस से लगा रहे हैं न्याय की गुहार पर पुलिस कर रही आरोपी का बचाव।

» मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी का एक आरोपी के प्रति सहानुभूति समझ से परे,बाकी आरोपियों के प्रति क्यों नहीं दिखती सहानुभूति?

» आरोपी की फोटो पुलिस अधीक्षक की सभा मे आने से पुलिस की छवि हो रही धूमिल।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 24 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के पुलिसकर्मी अपने अधिकारियों की फजीहत कराने से बिल्कुल भी बाज नहीं आते हैं पूर्व के पुलिस अधीक्षक के आते ही पुलिस कर्मियों का तथाकथित वायरल चैट जो वाट्सएप समूह में जारी हुआ था जिसकी वजह से पूर्व के पुलिस अधीक्षक की फजीहत हुई थी वहीं नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक के आते ही एक पीड़ित को पुलिसकर्मियों ने घंटों भर इंतजार करा दिया जिसमें फजीहत हो ही रही थी कि दूसरी फजीहत तब हो गई जब एक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे और उसी कार्यक्रम में जिसे पुलिस फरार बता रही है वह आरोपी भी उसमें शिरकत करते दिखा, जबकि इस पुरे कार्यक्रम में पत्रकार व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जिसे पुलिस फरार बता रही है खुलेआम घूमता नजर आया तमाम फोटो में भी जमकर दिखाई दिया आरोपी, जिसके बाद पुलिस इस सवाल के घेरे में खड़ी दिखी, इस संबंध में जब थाना प्रभारी से पूछा गया तो उस आरोपी के प्रति थाना प्रभारी की सहानुभूति थी कि कहीं आरोपी जबरदस्ती ना फंस जाए इसलिए हस्ताक्षर मिलान करने के लिए इंतजार कर रहे हैं, यह थाना प्रभारी का जवाब था पर सवाल यह है कि आखिर उस थाना के अंतर्गत ऐसे कई अपराध पंजीबद्ध होते हैं पर सभी आरोपियों को प्रति सहानुभूति ना दिखना सिर्फ एक के प्रति सहानुभूति दिखना ऐसा लगता है कि आरोपी के साथ गहरा संबंध है थाना प्रभारी का?

मनेन्द्रगढ फ़ाइनेंस कम्पनी चोलामण्डलम के द्वारा फ़ाइनेंस वाहन की 17 किश्तें शेष रहते वाहन की फ़ज़ी एनओसी तैयार कर जिला परिवहन अधिकारी बैकुंण्ठपुर कोरिया के समक्ष कूटरचित झूठा शपथपत्र व बनावटी दस्तावेज पेश कर वाहन को बेचने तथा वाहन को एक राज्य से दूसरे राज्य भेजने के मामले में आरोपी रिकेश खन्ना को न्यायालय से राहत मिलते नज़र नहीं आ रही है। वहीं आरोपी की और से दाखिल पुनरीक्षण याचिका में आरोपी के विरूद्ध न्यायालय के आदेश पर प्रथम सूचना रिपोर्ट पर न्यायालय द्वारा रोक लगाने की याचिका पर मनेन्द्रगढ प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने याचिकाकर्ता की याचिका को पोषणीय ना मानते हुए याचिका को ख़ारिज कर दिया वही





आरोपी रिकेश खन्ना पर अब गिरफ़्तारी की तलवार लटकने लगी है पुलिस प्रशासन की ओर से याचिका पर अभियोजन कैलाश विश्वकर्मा आरोपी की ओर से अधिवक्ता टीआर राय तथा चोलामण्डलम कम्पनी की ओर से अधिवक्ता संजय सिन्दवानी ने मामले की पैरवी की थी। पूरे मामले में न्यायालय में मामला जाने के बाद ही फाइनेंस कंपनी को न्याय मिलता नजर आ रहा था जबकि पुलिस के पास फाइनेंस कंपनी दौड़ लगाती रही और उसे न्याय नहीं मिला।

### क्या थाना प्रभारी अपने मनेंद्रगढ़ में रहते तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं करेंगे?

न्यायालय के आदेश के बाद भी थाना प्रभारी ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया बल्कि फरार बताते रहे वहीं आरोपी की पुनरीक्षण याचिका खारिज होने के बाद भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है जबकि पुलिस के सामने ही वह घूम रहा है। वैसे थाना प्रभारी का विशेष संबंध है आरोपी से और आरोपी थाना प्रभारी के भरोसे ही खुलेआम घूम रहा है यह कहना गलत नहीं होगा तभी तो वह पुलिस अधीक्षक के कार्यक्रम में भी शामिल होते दिख रहा है जबकि वह फरार है ऐसा पुलिस का कहना है। पूरे मामले में अब सवाल यह उठता है कि क्या थाना प्रभारी अपने मनेंद्रगढ़ में रहते तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं करेंगे और उसे खुलेआम घूमने देंगे जबकि न्यायालय से आदेश हो चुका है गिरफ्तारी का वहीं हस्ताक्षर जांच के बहाने थाना प्रभारी आरोपी का बचाव कर रहें हैं यह स्पस्ट नजर आ रहा है। वैसे कहा भी जाता है कि पुलिस जिस मामले में जांच करने की ठान ले और आरोपी की मदद करने की मंशा से जांच करे तो उस आरोपी के बचने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि जांच के बहाने उसका सहयोग बखूबी करना जानती है पुलिस। क्या यही वजह है की फाइनेंस कंपनी से लाखों की ठगी कर आरोपी जहां थाना प्रभारी की सह पर खुलेआम घूम रहा है वहीं अब वह थाना प्रभारी की ही सह पर पुलिस अधीक्षक के कार्यक्रम में भी शिरकत कर रहा है और कानून को अपनी गिरफ्त में रखना किस तरह आसान है इस बात का उदाहरण दे रहा है।

### क्या पुलिस अधीक्षक कार्यवाही करेगे

इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक के जानकारी में यह मामला नहीं है क्योंकि इन्हें अभी आय कुछ दिन ही हुए है जिस वजह से वह पुरे मामले से रूबरू नहीं है अनभिज्ञ हैं, इस मामले में नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक अब क्या कार्यवाही करते हैं यह तो उनके विवेक का मामला है लेकिन आरोपी के साथ जिस तरह नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक की फोटो सामने आई है उससे फाइनेंस कंपनी जो पीड़ित पक्ष है वह जरूर संशय में होगी कि उसके साथ न्याय हो सकेगा क्योंकि अब जब थाना प्रभारी आरोपी की सीधे सीधे मदद कर रहें हैं ऐसे में कानून क्या कर सकेगा आरोपी का?

### थाना प्रभारी जमे हैं लंबे समय से,आरोपी से हैं गहरे संबंध

मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी पुलिस थाना मनेंद्रगढ़ में लंबे समय से जमे हुए हैं और उनके आरोपी से गहरे संबंध है जो लगातार साबित भी हो रहा है। थाना प्रभारी आरोपी की हर संभव मदद कर रहें हैं और अब तो वह आरोपी को पुलिस अधीक्षक के कार्यक्रम में भी शामिल होने का अवसर देकर कानून को अपने हांथ की कठपुतली बताने से भी बाज नहीं आ रहें हैं। थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली से लगता भी है कि वह आरोपी को किसी भी तरह बचाने पूरा जिम्मा ले चुके हैं।

### नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक से फायनेंस कंपनी को है न्याय की उम्मीद

लाखों की ठगी मामले में नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक से फायनेंस कंपनी को न्याय की उम्मीद है। थाना प्रभारी की भेदभाव पूर्ण कार्यवाही आरोपी की मदद करने की मंशा को जानते हुए अब फायनेंस कंपनी को उनसे न्याय की उम्मीद नहीं है। अब नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक फायनेंस कंपनी को किस तरह न्याय दिलाते हैं यह देखने वाली बात होगी।

**इस संबंध में इनका कहना था कि हस्ताक्षर मिलान के लिए भेजा गया है मिलान होकर आ जाए और आरटीओ अधिकारी का भी बयान दर्ज नहीं हो पाया कहीं हस्ताक्षर फर्जी निकला तो एक बेगुनाह ना फंस जाए इसलिए हम हस्ताक्षर मिलान का इंतजार कर रहे हैं।**
**सचिन सिंह**
थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़

स्व.बिसाहू दास महंत के पुण्यतिथि पर सांसद ने कहा

## बाबूजी द्वारा प्रदेश को लेकर देखे गए सपने हो रहे पूरे

-नगर संवाददाता-
कोरबा, 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि लोगों की निस्वार्थ सेवा की बाबू जी से सीख मिली। प्रदेश को लेकर उनके देखे सपने पूरे हो रहे हैं। विचारों से लोगों के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे। पूर्व मंत्री व जननेता स्व. बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुई, जिसमें सांसद महंत, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, मेडिकल अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर ने स्व. बिसाहू दास महंत के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया। सांसद ने कहा कि लोकसभा सदस्य रहते डॉ. महंत ने मेडिकल कॉलेज स्थापना का जो सपना देखे, वह अब जाकर पूरा हो रहा है। उनका परिवार कोरबा व जांजगीर जिले की जनता का ऋणी है। स्व. बिसाहू दास महंत की स्मृति में रक्त परीक्षण एवं रक्त दान शिविर भी हुआ। गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. आरके सक्सेना, महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी ने विशेष तौर पर उपस्थित रहकर सहयोग दिया।



## लोन निकासी के लिए क्षेत्र के दो चर्चित दलाल सक्रिय

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 24 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया कि वेस्ट चिरमिरी ब्रांच काफी सुर्खियों में बनी हुई है बताया जाता है कि उक्त बैंक का ब्रांच मैनेजर एवं हल्दीबाड़ी के दो दलाल के बीच बड़ी साठ गांठ से एसईसीएल श्रमिकों के नाम पर कई करोड़ रुपए लोन की निकासी की गई है जिसमें हितग्राही से 10 से 15 प्रतिशत की दलाली दलालों के माध्यम से बैंक मैनेजर वसूली करवा रहा है, लोन लेने हेतु यदि श्रमिक या हितग्राही सीधे बैंक मैनेजर से संपर्क करता है तो उनके द्वारा उसे लोन देने से सीधे मना कर दिया जाता है उसी दौरान वही बैंक के इर्द-गिर्द घूम रहे दोनों दलाल उनसे संपर्क करते है दलाल और श्रमिक के बीच लेन देन का सौदा होता है फिर कुछ दिन में लोन स्वीकृत कर उसके खाते में डाल दिया जाता है इस तरह से बैंक मैनेजर और दलालों के बीच श्रमिकों के लूटने का नया कारनामा सेंट्रल बैंक की शाखा वेस्ट चिरमिरी में किया जा रहा है।




विदित हो कि सेंट्रल बैंक के जीएम ऑफिस ब्रांच को सेंट्रल बैंक वेस्ट चिरमिरी ब्रांच में मर्ज कर दिया गया है, इसमें जीएम ऑफिस के बैंक मैनेजर को ही सेंट्रल बैंक वेस्ट चिरमिरी का बैंक मैनेजर बनाया गया है मिली जानकारी के अनुसार जीएम ऑफिस में भी इस ब्रांच मैनेजर द्वारा काफी भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी शिकायत रीजनल मैनेजर सहित अन्य अधिकारियों से की गई थी किंतु ऊंची पकड़ और रीजनल ऑफिस के उच्चाधिकारियों की सेटिंग से इनका कोई बाल बांका नहीं कर पा रहा है जिस कारण श्रमिकों और लोन देने वाले हितग्राहियों का इस बैंक मैनेजर द्वारा लगातार उगाही किया जा रहा है हल्दीबाड़ी के एक जनरल स्टोर का संचालक को फुल टाइम बैंक में बैठे देखा जा सकता है बैंक में लगे कैमरे की यदि बारीकी से जांच की जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि बैंक मैनेजर और उन दलालों के बीच किस तरह की सेटिंग है आखिर क्या वजह है कि जनरल स्टोर का संचालक पूरे मां के पूरे समय बैंक में बैंक मैनेजर के पास बने उसके केबिन में में बैठकर गुपचुप बातें करते रहता है भरी गर्मी में उसके बिन में ऐसी भी नहीं है नहीं कूलर की व्यवस्था की गई है उसके बाद भी इनका ऐसा कौन सा गंभीर मामला है जो गुपचुप तरीके से उस केबिन में अंजाम दिया जा रहा है और फाइलों में हस्ताक्षर होते रहता है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देर रात बैंक मैनेजर के घर में उस दलाल और उसके चेलों के साथ पार्टी होती है जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

विगत 2 दिन पूर्व इसी बैंक मैनेजर की कार के कांच को तोड़कर पैसे निकासी की संदिग्ध चोरी की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है सूत्रों कि यदि माने तो पिछले चार-पांच दिन से उन दोनों दलालों से ब्रांच मैनेजर का कुछ विवाद हुआ है जिसको लेकर बड़ी कहासुनी होना बताया जा रहा है बताया यह भी जा रहा है कि कहीं ना कहीं उस कार में घटित घटना में उन दोनों दलालों के हाथ होने की पूरी संभावना है यदि जिम्मेदार पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से विवेचना करें तो मामले के बढ़े विस्फोटक खुलासे होंगे, बाहर हाल स्थिति जो भी हो उक्त बैंक मैनेजर की पदस्थापना से लेकर अभी तक स्वीकृत यदि हम ऋणों की बात करें और जिम्मेदार विभाग बारीकी से जांच करें तो दलाल और बैंक मैनेजर के काले कारनामे कि एक लंबी फेहरिस्त का खुलासा होगा देखना यह है की पौड़ी पुलिस इस मामले को कितनी गंभीरता से लेती है?

## महिला सेवा दल कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

-नगर संवाददाता-
सूरजपुर 24 जुलाई 2022(घटती-घटना)।

जिला महिला सेवा दल कांग्रेस की जिला सूरजपुर की नवीन कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया गया है। कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी देसाई, राष्ट्रीय सचिव प्रताप नारायण मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष अरूण ताम्रकार व महिला कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष मंजुलता आनन्द की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष छत्तर लाल सांवरे एवं महिला सेवा दल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नुरेशा तिर्की द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए दायित्व सौंपा गया है। नवीन कार्यकारिणी में जिला महामंत्री रामबाई, पुष्पा राजवाड़े, दुर्गा विश्वकर्मा, जमीला सोनवानी, कलावती, प्रभा, जिला सचिव गौरी सिंह, लीला राजवाड़े, तारामनी विश्वकर्मा, ओमकेशवरी, आशा सिंह, निर्मला देवांगन, कोषाध्यक्ष कलावती, कार्यालय प्रभारी नीलू सिंह, मीडिया प्रभारी हीरामनी सिंह को नियुक्त किया गया है।



## पुलिस अधीक्षक ने क्राइम मीटिंग में लंबित अपराधों को त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

-नगर संवाददाता-
कोरबा, 24 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा जिले में पदभार ग्रहण करने के पश्चात पहले क्राइम मीटिंग में अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं थानेदारों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि, जिले में प्रभावी पुलिसिंग होना चाहिए । किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी , आम जनता के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाए , गुंडे एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए । उन्होंने कहा कि थानों में आदतन अपराधियों के विरुद्ध दर्ज मामलों की समीक्षा कर अधिक से अधिक गुंडा , निगरानी फाइल खोला जाए , साथ ही जिन बदमाशों के चाल चलन में सुधार पर परिलक्षित हो रहा हो उन्हें माफी बदमाश की सूची में शामिल करने का प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए । लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए । क्राइम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सुश्री लितेश सिंह , उप पुलिस अधीक्षक यातायात शिवचरण सिंह परिहार , उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप येरेवार सहित जिले के सभी थाना, चौकी, सहायता केंद्र प्रभारी उपस्थित थे ।






**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0 ब-121/2020-21

**ईश्तहार**

आवेदक/आवेदिका का नाम पप्पू राम आ0 रामसजीवन जाति केवट निवासी ग्राम गोपालपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने माता स्व0 ननकी बाई मृत्यु/जन्म दिनांक 21/10/2003 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29/07/2022 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/07/2022 को जारी किया जाता है।

सील

**संजय कुमार राठौर**
तहसीलदार
सूरजपुर
जिला-सूरजपुर(छ0ग0)

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 ब-121/2021-22

ग्राम भरूहामुड़ा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुमरतराम आ/पति स्व0 बैजनाथ जाति रजवार निवासी ग्राम भरूहामुड़ा लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा आवेदक/आवेदिका अपने पिता बैजनाथ का विलम्ब/ जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बाबत अनुलब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। मृत्यु दिनांक 16/09/1986

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 27/07/2022 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/07/2022 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

सील

**नायब तहसीलदार**
लिंक कोर्ट देवनगर
जिला-सूरजपुर(छ0ग0)

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव कुमार राहुल एच.यू.एफ आ0 स्व0 आसन दास जसवानी, उम्र-53 वर्ष, निवासी-वार्ड नम्बर 29 रामानुजवार्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी-ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-बाबूपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट में से 1021वर्गफीट भूमि व निर्मित मकान को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 13.05.2022 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग, ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 13.05.2022 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/08/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती स्वाती भटनागर पत्नी विवेक भटनागर, उम्र-36 वर्ष, निवासी-बस स्टैण्ड के पास लखनपुर तहसील लखनपुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी-ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-बाबूपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट में से 1021वर्गफीट भूमि व निर्मित मकान को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 16.06.2022 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग, ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 16.06.2022 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/08/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप सिंह आ0 रामफूल रावत, उम्र-44 वर्ष, निवासी-मकान नम्बर 2/292 हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बाड़ी रोड,धौलपुर, जिला धौलपुर, राजस्थान के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी-ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-बाबूपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट में से 1021वर्गफीट भूमि व निर्मित मकान को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 07.06.2022 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग, ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 07.06.2022 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/08/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सुधा सिन्हा पत्नी दिलीप सिन्हा, उम्र-38 वर्ष, निवासी-ग्राम बन्दना कोट तहसील सीतापुर जिला -सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी-ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-बाबूपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट में से 1021वर्गफीट भूमि व निर्मित मकान को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 24.06.2022 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग, ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 24.06.2022 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/08/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्रं0 अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेन्द्र सिंह आ0 इन्द्रजीत सिंह, उम्र-52 वर्ष, निवासी-कन्या परिसर मार्ग, विशुनपुर नगर अम्बिकापुर जिला -सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी-ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-बाबूपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 3467/4866/95 रकबा 43110 वर्गफीट में से 1021 वर्गफीट भूमि व निर्मित मकान को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 13.05.2022 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता एच.यू.एफ आ0 स्व0 चन्द्रगीराम अग्रवाल उम्र-71 वर्ष निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग, ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 13.05.2022 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/08/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
अम्बिकापुर

# ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में नौवें स्थान पर रहे भारत के एल्धोस पॉल

**नईदिल्ली,24 जुलाई 2022।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय ट्रिपल जम्पर एल्धोस पॉल ने रविवार को शानदार प्रदर्शन कर नौवा स्थान हासिल किया. 25 साल के पॉल ने क्वालीफायर में 16.68 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए 12-मैन फाइनल में प्रवेश किया. उन्होंने अपने प्रयास में 16.37 मीटर की छलांग के साथ शुरुआत की. अपने दूसरे प्रयास के साथ उन्होंने अपने अंक को 16.79 मीटर तक सुधार लिया. इस साल की शुरुआत में फेडरेशन कप में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 16.99 मीटर से केवल 0.20 मीटर कम रहे.




हालांकि, भारतीय जम्पर ने अपनी तीसरी छलांग के साथ निराशाजनक 13.86 मीटर पोस्ट किया और तीसरे दौर के बाद शीर्ष आठ में जगह बनाने से चूक गया. टोक्यो 2020 चैंपियन प्रेडो पिचाडरे ने 17.95 मीटर के विश्व-अग्रणी चिह्न के साथ स्वर्ण पदक जीता. टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता बुर्किना फांसो के ह्यूग्स फैब्रिस जांगो ने 17.55 मीटर के साथ रजत पदक जीता, जबकि कांस्य पदक चीन के यामिंग झू ने जीता.

इस बीच, मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल वरियाथोडी, नागनाथन पांडी और राजेश रमेश की भारत की 4/400 मीटर टीम अपने हीट में अंतिम स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही. भारत फाइनल स्टैंडिंग में 12वें स्थान पर रहा.

विशेष रूप से इस वर्ष पुरुषों के 4/400 मीटर में भारत का सर्वश्रेष्ठ समय 3: 04.41 सेकेंड है, जो जून में तुर्की के एर्जुरम में अतातुर्क यूनिवर्सिटी स्टेडियम में 7वें अंतर्राष्ट्रीय स्प्रिंट और रिले कप में हासिल किया गया था.

मेजबान यूएसए, मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन, 2:58.96 के समय के साथ हीट में शीर्ष पर है, उसके बाद जापान (3:01.53) और जमैका (3:01.59) का समय है.

प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन टीमों और दो हीट में अगली दो सबसे तेज टीमों ने रविवार के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. फ्रांस (3:03.13एस) पदक दौर के लिए कट बनाने वाली अंतिम टीम थी.

### बलबीर सिंह सीनियर से लेकर नीरज चोपड़ा तक

## भारत के लिये खास रहा 24 जुलाई का दिन

**नयी दिल्ली ,24 जुलाई 2022।** हेलसिंकी में 1952 में महान हॉकी खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर के रिकॉर्ड पांच गोल से लेकर तोक्यो में 2021 में मीराबाई के ऐतिहासिक ओलंपिक रजत और यूजीन में नीरज चोपड़ा के विश्व चैम्पियनशिप रजत तक , 24 जुलाई की तारीख भारतीय खेलों के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गई है। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने अमेरिका के यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत को पहली बार रजत पदक दिलाकर नया इतिहास रच दिया। इससे पहले 2003 में अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में विश्व चैम्पियनशिप में लंबी कूद का कांस्य पदक जीता था।




हेलसिंकी में 1952 ओलंपिक में 24 जुलाई के दिन ही भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने नीदरलैंड को 6 . 1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। इस जीत के सूत्रधार बलबीर सिंह सीनियर ने पांच गोल दागे थे और ओलंपिक हॉकी फाइनल में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड 70 साल बाद भी आज तक उनके नाम है। भारत ने ओलंपिक पुरूष हॉकी में आठ बार (1928 से 1936 तीन बार आजादी से पहले, 1948, 1952, 1956 , 1964 और 1980) स्वर्ण पदक जीता है।

24 जुलाई ओलंपिक में एक बार फिर भारत के लिये सौभाग्यशाली तारीख रही। इसी दिन 2021 में तोक्यो ओलंपिक में स्पर्धा के पहले ही दिन साइखोम मीराबाई चानू ने महिलाओं के 49 किलो भारोत्तोलन वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। वह ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला भारोत्तोलक बनी।

## ओलंपियाड में पदक जीतने की संभावना प्रबल:भारत ए टीम कोच


**चेन्नई ,24 जुलाई 2022।** भारत ए महिला टीम के कोच ग्रैंडमास्टर एम श्याम सुंदर ने कहा कि 44वें शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के पदक जीतने की संभावना प्रबल है। भारत की महिला ए टीम में कोनेरू हम्पी, डी हरिका, आर वैशाली , तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी हैं। श्याम सुंदर ने कहा ,'' हमारे अधिकांश खिलाड़ी अनुभवी हैं और काफी साल से शीर्ष स्तर पर खेल रहे हैं। पदक जीतने की संभावना प्रबल है। तैयारियां बहुत अच्छी रही और सभी खिलाड़ी फॉर्म में हैं



उन्होंने कहा कि मेजबान होने के फायदे और नुकसान दोनों हैं। उन्होंने कहा ,'' दबाव लिये बिना सही मानसिकता के साथ उतरना होगा। हम अच्छा प्रदर्शन जरूर करेंगे।'' श्याम सुंदर ने कहा कि रूस और चीन की गौर मौजूदगी में भारत ओपन और महिला दोनों वर्ग में पदक जीत सकता है। उन्होंने कहा ,'' दो मजबूत टीमों की गैर मौजूदगी से हमारी संभावना प्रबल हुई है। उनके खेलने से भी हम पदक के दावेदारों में रहते।

## अखबार के लेख ने किस तरह बदली मुक्केबाज सागर अहलावत की जिंदगी

**नयी दिल्ली ,24 जुलाई 2022।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारतीय मुक्केबाजी दल के सदस्य सागर अहलावत का कहना है कि 2015 में फ्लॉएड मेवेदर जूनियर और मैनी पैकियाओ के बीच 'फाइट ऑफ द सेंचुरी' पर अखबार में छपा लेख पढ़ने के बाद उनकी जिंदगी बदल गयी।



यह लेख पढ़ने के सात साल बाद 20 साल का मुक्केबाज बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूषों की +92 किग्रा सुपर हैवीवेट स्पर्धा में चुनौती पेश करने के लिये तैयार है जिसमें वह पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सागर ने पीटीआई से कहा, ''मैं पढ़ाई में अच्छा नहीं था। मेरे से पढ़ाई नहीं होती थी। इसलिये मैंने 12वीं के बाद कुछ करने के लिये देखना शुरू किया। ''

किसान परिवार में जन्में सागर का खेलों से कोई लेना देना नहीं था। लेकिन एक दिन उन्होंने मेवेदर और पैकियाओ के बीच मशहूर भिड़ंत के बारे में अखबार में पूरे पन्ने का लेख पढ़ा। जैसे जैसे वह दोनों महान मुक्केबाजों के बारे में और उनकी उपलब्धियों के बारे में पढ़ते गये, वह पूरी तरह स्पष्ट हो चुके थे कि उन्हें क्या करना है।

सागर ने कहा, ''मेरे परिवार में कोई भी खेलों में नहीं है। मुझे थोड़ा बहुत मुक्केबाजी के बारे में पता था लेकिन मुझे मेवेदर और पैकियाओ के बारे में अखबार में पढ़कर प्रेरणा मिली।

'' उन्होंने कहा, ''मैंने 2017 में मुक्केबाजी शुरू की और जवाहर बाग स्टेडियम में ट्रेनिंग करना शुरू किया। '' पर अपने किसान परिवार के लिये मदद के कारण उन्हें अपनी ट्रेनिंग कई बार छोड़नी पड़ती थी। दो साल बाद उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक जीता।

इसके बाद उन्होंने खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में लगातार खिताब जीत लिये। इस सुपर हैवीवेट मुक्केबाज ने कहा, ''मैंने 2019 में अपने पहले विश्वविद्यालय खेलों में हिस्सा लिया जिसमें मुझे स्वर्ण पदक मिला। फिर मैंने 2020 में और अगले साल भी खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। ''

सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2021 में पदार्पण में रजत पदक के बाद उन्हें पटियाला में राष्ट्रीय शिविर में शामिल कर लिया गया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों के चयन ट्रायल में भी प्रभावित करना जारी रखा।

सागर ने तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे सतीष कुमार को हराने के बाद मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन नरेंदर को हराकर बर्मिंघम का टिकट कटाया जो उनका पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

सागर ने कहा, ''मैं नर्वस बिलकुल नहीं हूं कि यह मेरा पहला टूर्नामेंट है क्योंकि मैंने बहुत अच्छी ट्रेनिंग की है। मैं अच्छी बाउट लड़ना चाहता हूं।

## रफीन्हा ने प्री-सीजन एल क्लासिको में एक स्टनर स्कोर किया

**बार्सिलोना ,24 जुलाई 2022।** एफसी बार्सिलोना के नए हस्ताक्षरकर्ता राफिन्हा ने रविवार (22 जुलाई) को लास वेगास के एलीगेंट स्टेडियम में एल क्लैसिको के खिलाफ रियल मैड्रिड के खिलाफ कैटलन के लिए एक गजब का स्कोर बनाया। ब्राजील के विंगर को बार्का को बढ़त दिलाने के लिए सिर्फ 26 मिनट की जरूरत थी, जिसके परिणामस्वरूप यूएसए में क्लासिको की उनकी जीत हुई। विशेष रूप से, मैड्रिड के खिलाफ लक्ष्य स्पेनिश दिग्गजों के लिए रफीन्हा की दूसरी हड़ताल थी, जिसने अपने नए क्लब के लिए खेले गए दो मैचों में ग्रीष्मकालीन हस्ताक्षर के लिए दो गोल किए। आगामी 2022-23 सीज़न के लिए दोनों पक्षों के बीच वार्म-अप गेम खेलने के साथ, रफिन्हा की स्ट्राइक निर्णायक साबित हुई क्योंकि एफसी बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड के खिलाफ 1-0 से मैच जीत लिया। (घड़ी- एंटोनियो रुडिगर, सर्जियो बसक्वेट्स और अधिक के बीच एल क्लासिको लड़ाई)यह मैड्रिड के एडर मिलिटाओ की एक त्रुटि थी जब उनकी टीम पीछे से खेलने की कोशिश कर रही थी क्योंकि बार्का उच्च दबाव में था। रफीन्हा ने बॉक्स के बाहर से अपने बाएं पैर से ला लीगा चैंपियन के खिलाफ जोरदार प्रहार किया।

## विद्युत जामवाल की कमांडो फेंचाइजी वेब सीरीज के रूप में होगी तब्दील




विद्युत जामवाल को बॉलीवुड के एक्शन अभिनेता के तौर पर जाना जाता है। उनकी इस छवि को गढ़ने में कमांडो फेंचाइजी की फिल्मों का बड़ा योगदान रहा है। इस फेंचाइजी की अब तक तीन फिल्में आ चुकी हैं। इन सभी फिल्मों पर दर्शकों ने दिल खोलकर अपना प्यार बरसाया। अब सुनने में आ रहा है कि इस फेंचाइजी को वेब सीरीज के रूप में विकसित किया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, विद्युत की कमांडो फेंचाइजी वेब सीरीज के रूप में विकसित होगी। सूत्र ने बताया कि प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह ने इसे वेब सीरीज के रूप में लाने की तैयारी कर ली है। यह पहली बार हो रहा है, जब कोई फिल्म फेंचाइजी को वेब सीरीज के रूप में ओटीटी पर लाने की कवायद की जा रही है। उम्मीद है कि इस फेंचाइजी के डिजिटल संस्करण में भी एक्शन का भरपूर डोज होगा। खबरों की मानें तो कमांडो फेंचाइजी को वेब सीरीज के रूप में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, विपुल शाह कमांडो की समानांतर किश्तों को एक वेब सीरीज के प्रारूप में रिलीज करेंगे। यह फिल्म निर्माता द्वारा उठाए गए सबसे साहसिक कदमों में से एक है। उनकी वेब सीरीज ह्यूमन और फिल्म सनक को भी ओटीटी पर अच्छी-खासी प्रतिक्रिया मिली। यही वजह है कि इस प्रोजेक्ट के प्रति उनका उत्साह बढ़ा हुआ है। फिलहाल इस संबंध में जानकारी सामने नहीं आई है कि ओटीटी पर कमांडो फेंचाइजी की स्टारकास्ट क्या होगी। खैर यह अपने तरह का एक अनूठा प्रयोग होगा। कमांडो सीरीज की पहली फिल्म 2013 में रिलीज हुई थी।

## कटरीना कैफ की भाभी बनेंगी इलियाना डिक्रूज ?

बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने हाल ही में अपना 39वां जन्मदिन मनाया। कटरीना कैफ के बर्थडे पर वो अपनी फैमिली और दोस्तों के साथ मालदीव में एन्जॉय करती नजर आईं। वायरल फोटोज में कटरीना कैफ के साथ उनके पति व अभिनेता विकी कौशल, देवर सनी कौशल, दोस्त मिनी माथुर, भाई सेबेस्टियन लॉरेंट मिशेल, आनंद तिवारी और एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज नजर आ रहे हैं। इन फोटोज के सामने आने से खबरों का बाजार गर्म हो गया है कि इलियाना डिक्रूज, कटरीना कैफ की भाभी बन सकती हैं।



सोशल मीडिया पर कटरीना के भाई सेबेस्टियन और इलियाना की तस्वीरों के वायरल होने के साथ ही ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों एक दूसरे के साथ बीते 6 महीने से रिलेशनशिप में हैं। बता दें कि कटरीना कैफ के भाई सेबेस्टियन लॉरेंट मिशेल, यूके के मॉडल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सेबेस्टियन और इलियाना न सिर्फ एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं, बल्कि बीते कुछ वक्त से कटरीना के बांद्रा वाले पुराने घर में साथ वक्त बिता रहे हैं। ऐसे में इन तस्वीरों के सामने आने से एक बार फिर खबरों का बाजार गर्म हो गया है, हालांकि आधिकारिक तौर पर इस बारे में भी कुछ भी कहना मुश्किल है।

याद दिला दें कि कुछ वक्त पहले तक इलियाना डिक्रूज, फोटोग्राफर एंड्र्यू नीबोन को डेट कर रहे थी। दोनों कई बार एक साथ नजर आए थे, वहीं दोनों एक दूसरे को लेकर काफी सीरियस भी थे, लेकिन दोनों का ये रिश्ता आगे नहीं बढ़ा और ब्रेकअप हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रेकअप के बाद इलियाना काफी टूट गई थीं और उन्हें थैरेपी की भी जरूरत पड़ी थी। गौरतलब है कि इलियाना अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में रहती हैं।

कटरीना कैफ का नाम बॉलीवुड की ए लिस्टर एक्ट्रेसेस में शुमार होता है। कटरीना के खाते में कई हिट फिल्में हैं। कटरीना की जोड़ी को दर्शक ऋतिक रोशन, अक्षय कुमार और सलमान खान के साथ खूब पसंद करते हैं। बात कटरीना की अपकमिंग फिल्मों की करें तो वो जल्दी ही 'मैरी क्रिसमस', 'फोन भूत', 'जी ले जरा' और सलमान खान के साथ 'टाइगर 3' में नजर आएंगी। टाइगर 3 के लिए दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है।

## रणदीप हुड्डा ने स्वतंत्र वीर सावरकर के लिए घटाया 15 किलो वजन



अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपना पंद्रह किलो वजन कम किया है और आगामी बायोपिक स्वतंत्र वीर सावरकर के लिए दस किलो और वजन कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं। अभिनेता मुंबई में कई अन्य लोगों के साथ रयान गोसलिंग, क्रिस इवांस और भारतीय स्टार धनुष अभिनीत द ग्रे मैन के भव्य प्रीमियर में मौजूद थे।

रेड कार्पेट पर, रणदीप ने कैरेक्टर में ढलने के लिए अपने वजन घटाने के बारे में बात की।

मैंने वीर सावरकर के लिए अब तक 14-16 किलो वजन कम किया है और मैं इसके लिए 10 और किलो वजन कम करने की योजना बना रहा हूं।

बायोपिक के बारे में बात करते हुए, अभिनेता, जो विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभाते नजर आएंगे, ने कहा, वीर सावरकर की तैयारी चल रही है और शूटिंग जल्द ही शुरू होगी।

इवेंट के दौरान, वो अपने 2020 के हिट एक्सट्रैक्शन के निर्माता रूसो ब्रदर्स, और किक की सह-कलाकार जैकलीन फर्नांडीस और धनुष के साथ मिलना हुआ।

## अगले 6 महीने में 6 गाने रिलीज करेंगे हिमेश रेशमिया



हिमेश रेशमिया बॉलीवुड में रॉकस्टार माने जाते हैं। वह दो दशकों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। अपने संगीत और गानों से उन्होंने अपना अलग फैनबेस बनाया है। अपने बीस साल के करियर में उन्होंने प्रशंसकों को कई यादगार रोमांटिक गाने दिए। इस दौरान हिमेश ने अपना म्यूजिक लेबल हिमेश रेशमिया मेलोडीज भी शुरू किया। इसके ऐल्बम्स का हिमेश के प्रशंसकों को इंतजार रहता है। 23 जुलाई को हिमेश का जन्मदिन है। इस मौके पर उन्होंने एक खास घोषणा की है।

अपने जन्मदिन पर इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करते हुए हिमेश ने बताया कि वह अगले छह महीनों में छह गाने रिलीज करेंगे। इस बारे में बाकी डीटेल्स की घोषणा वह जल्द करेंगे। उन्होंने अपने पिछले ऐल्बम आपका सुरूर की सफलता के लिए प्रशंसकों का धन्यवाद भी दिया। अब तक इस ऐल्बम के चार गाने रिलीज हुए हैं। हिमेश इसका अगला गाना भी जल्द लाएंगे। उन्होंने बताया कि इस ऐल्बम को यूट्यूब पर अब तक 150 करोड़ व्यूज मिल चुके हैं।

हिमेश ने बताया कि पिछले एक साल में उनके म्यूजिक ऐल्बम हिमेश रेशमिया मेलोडीज ने 67 ब्लॉकबस्टर गाने दिए हैं। इन गानों को यूट्यूब पर करीब 300 करोड़ व्यूज मिले हैं। हिमेश के हालिया गाने अक्षय कुमार की फिल्म रक्षाबंधन से हैं। हिमेश के इन गानों को इरशाद कामिल ने लिखा है। फिल्म के गाने डन कर दो, कंगन रूबी और तेरे साथ हूं मैं यूट्यूब पर जारी हो चुके हैं। फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। हिमेश टीवी का भी चर्चित चेहरा हैं। वह कई लोकप्रिय म्यूजिक रिएलिटी शो में जज के तौर पर दिखाई दे चुके हैं। हिमेश ने अपने करियर की शुरुआत 1998 में की थी। 2003 में तेरे नाम से उन्हें लोकप्रियता मिली। आशिक बनाया, झलक दिखला जा, नाम है तेरा, तेरा सुरूर जैसे गानों से हिमेश ने 2000 के दशक पर राज किया। आपका सुरूर, कर्ज, द एक्सपोज जैसी फिल्मों में हिमेश ने अभिनय पर भी प्रयोग किया।













## अब जल्द ही तन्मय सेन गुप्ता की गुजराती फिल्म में नज़र आएगी इंद्राणी तालुकदार

'मजनूगिरी', 'इज्जत', 'देवेन मिसिर' 'खंडाला नाइट्स' और 'एन एसिड अटैक केस' जैसी कई फिल्मों में काम कर चुकी शोख चंचल हसीन अदाकारा इंद्राणी तालुकदार अब बहुत जल्द ही तन्मय सेन गुप्ता की गुजराती फिल्म में अश्मित पटेल के साथ नज़र आएगी। दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और हाल ही में सिनेमा आजतक अवार्ड समारोह में बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड मिलने के बाद से इंद्राणी तालुकदार बॉलीवुड में चर्चा का विषय बनी हुई है।



असम के गोवाहाटी की मूल निवासी इंद्राणी ने वकालत में डिग्री हासिल की है तथा दिल्ली और मुम्बई में उच्च शिक्षा प्राप्त की। बचपन से फिल्मों के प्रति दीवानगी थी, अभिनय का जुनून आगे बढ़ा और अपने दोस्तों के साथ उन्हेंने अभिनय क्षेत्र में आने के लिए स्क्रीन टेस्ट दिया जिसमें वह सलेक्ट हो गयी। अपनी शिक्षा पूर्ण कर अभिनय जगत में पैर रखा फिर पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। छोटे पैमाने की फिल्मों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए, वह विभिन्न भाषाओं की क्षेत्रीय फिल्मों में काम करती हैं।

अब तक उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगु, असमिया, मगही और भोजपुरी फिल्मों में अभिनय किया है। 2018 में रिलीज़ हुई भोजपुरी फिल्म 'देवेन मिसिर' में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी।इंद्राणी की सबसे चर्चित फिल्म 'लतीफ' थी जिसमें उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ अभिनय किया था। यह फिल्म वर्ष 2015 में रिलीज़ हुई थी और समीक्षकों द्वारा सराही गई थी। इनकी फ़िल्म 'एन एसिड अटैक केस' बारह फ़िल्म फेस्टिवल अवार्ड से सम्मानित हो चुकी है।अभिनय के अलावा इंद्राणी धार्मिक प्रवृत्ति की है।

# टीएस सिंहदेव को मनाने सीएम बघेल के साथ कांग्रेस आलाकमान करेगी बैठक



रायपुर, 24 जुलाई 2022। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट में छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोगी रहे टीएस सिंहदेव ने हाल ही में पंचायत एवं विकास मंत्री पद से इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया था। सिंहदेव के मंत्री पद से इस्तीफ़ा देने के बाद सिंहदेव के चाहने वालों एवं प्रदेश के विपक्षी दलों के बीच सीएम भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव के बीच मनमुटाव होने की चर्चा जोरों से होने लगी, जो एक मुद्दा बनकर विधानसभा में गूंजने के बाद कांग्रेस आलाकमान तक पहुंच गया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके कैबिनेट सहयोगी टीएस सिंहदेव के बीच जारी खींचतान के बीच दोनों नेता आज कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि बघेल, कांग्रेस नेतृत्व के समक्ष राज्य के मंत्री सिंहदेव के साथ अपने मतभेदों के मुद्दे को उठा सकते हैं। सिंहदेव ने हाल में पंचायत मंत्री के रूप में अपना इस्तीफा देते हुए कहा था कि उनके विभाग को कोई निधि उपलब्ध नहीं करायी गयी थी और इसलिए गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना पर कोई काम नहीं किया जा सका।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की रणनीति बैठक में हिस्सा लेने के लिए बघेल दिल्ली में हैं। वह इस साल के अंत में हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए मुख्य पर्यवेक्षक हैं। इस बीच, सिंहदेव भी भोपाल से दिल्ली के लिए रवाना हुए और वह कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। उनके करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस घटनाक्रम से पता चलता है कि विधानसभा चुनाव से एक साल पहले दोनों कांग्रेस नेताओं के बीच खींचतान और तेज हो रही है। सिंहदेव ने यह संकेत देते हुए 16 जुलाई को पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री के अपने पद से इस्तीफा दे दिया था कि उन्हें राज्य सरकार में अलग-थलग कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री को लिखे अपने चार पन्नों के त्यागपत्र में, सिंहदेव ने दावा किया था कि वह ÷वर्तमान परिदृश्य÷ को देखते हुए जन घोषणा पत्र (चुनाव घोषणापत्र) के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में असमर्थ हैं। जून 2021 में, बघेल और सिंहदेव के बीच कुछ समय के लिए प्रतिद्वंद्विता तब सामने आई थी जब बघेल ने मुख्यमंत्री के रूप में ढाई साल पूरे किए थे।

सिंहदेव के समर्थकों ने दावा किया था कि 2018 में हुई सहमति के अनुसार, बघेल के आधा कार्यकाल पूरा करने के बाद उन्हें (सिंहदेव) मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करना था। हालांकि, बाद में दोनों नेताओं के दिल्ली आने और पार्टी आलाकमान से मिलने के बाद सिंहदेव पीछे हट गए। हाल में उन्होंने सरगुजा जिले के हसदेव अरंड वन क्षेत्र में कोयला खदान परियोजनाओं का विरोध किया और संकेत दिया कि बघेल के साथ मतभेद अभी खत्म नहीं हुए हैं।

## पत्नी ने की खुदकुशी,अत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज




बिलासपुर, 24 जुलाई 2022। तोरवा क्षेत्र में रहने वाली महिला ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के डेढ़ साल बाद पुलिस ने महिला के पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है। तोरवा क्षेत्र के प्रायमरी स्कूल के पास रहने वाली देवांशी कश्यप ने बालौदाबाजार जिले के लवन निवासी अजय कुमार जांगड़े से प्रेम विवाह किया था। 2019 में शादी के बाद दोनों कमाने खाने के लिए दिल्ली चले गए। कोरोना वायरस के कारण लाकडाउन में वे देश की राजधानी दिल्ली में ही फंस गए थे। दोनों दिल्ली में ही किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे थे। नवंबर 2021 में दोनों बिलासपुर लौट आए।

यहां देवांशी अपने मायके चली गई। वहीं, अजय अपने घर लवन चला गया। दो जनवरी 2021 को देवांशी ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पूछताछ में स्वजन ने देवांशी के पति पर मारपीट और अन्य गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। डेढ़ साल तक चली जांच के बाद तोरवा पुलिस ने शनिवार की रात आरोपित पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। इस बीच आरोपित अपने ठिकाने से फरार हो गया है। स्वजन से पूछताछ कर आरोपित के ठिकानों की जानकारी ली जा रही है।



## पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह कोरोना पॉजिटिव ?

रायपुर, 24 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। डॉ रमन ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। हाल ही में वे दिल्ली से लौटे। तबीयत खराब होने पर उन्होंने अपना को भी टेस्ट कराया।जिसमें उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

संक्रमण को देखते हुए कुछ दिन वे आइसोलेशन में रहेंगे। डॉ रमन ने अपने ट्वीट में लिखा कि मैंने कोविड-19 टेस्ट कराया है जिसमें मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। संक्रमण को देखते हुए कुछ दिन आइसोलेशन में रहूंगा। मेरा निवेदन है कि विगत दिनों जो भी लोग मेरे संपर्क में आए हैं।वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए अपना कोविड टेस्ट जरूर कराएं।

## शिक्षक अवध राम साहू बेस्ट काउंसलर से हुए सम्मानित

धमतरी, 24 जुलाई 2022। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी छ.ग. के द्वारा जिलास्तरीय काउंसलर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें रेडक्रॉस के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले काउंसलर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता अवध राम साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक वि॥लय मेघा को ब्लॉक काउंसलर के रूप में बेहतर कार्य करने के लिए श्रेष्ठ ब्लॉक काउंसलर के रूप में स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । श्री साहू द्वारा रेड क्रॉस के क्षेत्र में कोरोना जागरूकता, स्वास्थ्य सेवा, मतदाता जागरूकता, शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य विभिन्न दिवसों का स्कूली स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करना पर्यावरण एवं वृक्षारोपण कार्य करना, सामाजिक सेवा आदि पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सम्मानित किया गया ।

## फिर से मंडराने लगा डायरिया का खतरा,निगम की उदासीनता से लोगों की जान खतरे में




बिलासपुर, 24 जुलाई 2022। बिलासपुर वैसे तो छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर है और लगातार स्मार्ट सिटी का रूप लेता जा रहा है,, लेकिन शहर के निचले इलाकों में आज भी गन्दे पेयजल समेत अनेक तरह की समस्याएं मौजूद है इतना ही नहीं नालियों से गुजरती पेयजल की पाइप लाइन जानलेवा बीमारियों को आमंत्रित करती नजर आती है बिलासपुर नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 25 क्रांति कुमार भारतीय नगर के मिनीमाता नगर में एक बार फिर डायरिया का खतरा पैदा होता नजर आ रहा है. नाली और पेयजल की समस्या से जूझते वार्ड वासी 6 माह पूर्व भी डायरिया से जूझ चुके हैं.

लेकिन बावजूद इसके नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग का अमला अभी भी सतर्क नहीं नजर आ रहा है वार्ड के इस इलाके में ना तो बेहतर पेयजल की व्यवस्था है और ना ही पक्की नालियों की. थोड़ी सी बरसात के साथ ही नालियों का गंदा पानी घरों में घुस रहा है और यहां के रहवासी नाली से होकर गुजरती पेयजल पाइपलाइन से पानी लेकर पीने को मजबूर नजर आ रहे हैं.. वार्ड वासियों की मानें तो वार्ड पार्षद भी समस्याओं को लेकर उदासीन नजर आते हैं वही मौके पर पहुंचने वाले अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर निकल जाते हैं और दोबारा वार्ड में झांकने तक की जहमत नहीं उठाते हैं.. इस वजह से क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों परिवार डायरिया के खतरे के बीच अपना जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

## बीजेपी की मेगा मीटिंग, पीएम मोदी समेत बीजेपी शासित राज्यो के सीएम भी होगे शामिल,2024 पर महामंथन



रायपुर, 24 जुलाई 2022। दिल्ली में बीजेपी की मेगा मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है. बैठक में बीजेपी शासित राज्यों के सीएम शामिल हो रहे हैं. पीएम मोदी भी बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं. बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल रहेंगे.

इस बैठक में चर्चा होगी कि केंद्र सरकार की नीतियों को कैसे असरदार किया जा सकता है. साथ ही मंथन होगा कि केंद्र सरकार की योजनाएं आम आदमी तक पहुंच रही हैं या नहीं. बैठक का कॉमन लक्ष्य 2024 के साथ ही, आगामी विधानसभा चुनावों पर भी मंथन करना है .

बैठक के एजेंडे में केंद्र सरकार की योजनाओं का असर, बेहतर प्रशासन, हर घर तिरंगा योजना, राज्यों में आपसी तालमेल कैसे बेहतर करना शामिल है.

सूत्रों के मुताबिक कहा गया है कि, कुछ राज्य बेहतर कर रहे हैं, जबकि कुछ राज्यों का प्रदर्शन सुधारने की जरूरत है, इसे लेकर बैठक में रिव्यू भी किया जाएगा.

बैठक में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस समेत दूसरे बीजेपी शासित बीजेपी शासित राज्यों के सीएम शामिल हो रहे हैं।

## एंबुलेंस ने बाइक को मारी ठोकर,युवक की मौत



दंतेवाड़ा, 24 जुलाई 2022। जिले में एंबुलेंस की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक युवक काफी दूर तक फेंका गया। सिर समेत शरीर के अन्य जगहों पर गहरी चोट आने की वजह से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इधर, एंबुलेंस में बैठे मरीजों को दूसरी एंबुलेंस के माध्यम से जगदलपुर लेजाया गया है। बताया जा रहा है कि, इस हादसे के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया है। मामला गीदम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल की सारथी संस्था की एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती एक मरीज को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। मरीज को लेकर एंबुलेंस तेज रफ्तार में जा रही थी। इस बीच दंतेवाड़ा-गीदम मुख्य मार्ग में कारली के पास एंबुलेंस ने विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक चालक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी की बाइक में सवार कारली स्कूल पारा के रहने वाले युवक मदन कुमार यादव (24) ने दम तोड़ दिया।

## अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के पांच दिवसीय आंदोलन के समर्थन में नक्सलियों ने जारी किया पर्चा



बीजापुर, 24 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों के सोमवार को शुरू हो रहे पांच दिवसीय आंदोलन को नक्सलियों का भी समर्थन मिल गया है. माओवादियों के दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने पर्चा जारी इस आंदोलन को समर्थन दिया है.

कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पर्चे में कहा है कि छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान आगामी 25 से 29 जुलाई तक के पांच दिनी ÷कलम बंद काम बंद हड़ताल का पुरजोर समर्थन करती है. साथ ही फेडरेशन के 75 सदस्य संगठनों के सभी 5 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों का आह्वान करती है कि वे अपने महंगाई भत्ता और भाड़ा भत्ता हासिल करने उक्त हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

## बीजेपी विधायक चर्चा में,कहा-भांग और गांजा लेने वाले कभी अपराध नहीं करते



बिलासपुर, 24 जुलाई 2022। मस्तूरी विधायक व प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा है कि सरकार को चाहिए कि वह शराब की जगह गांजा और भांग के नशे को प्रमोट करे। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के कबीर चबूतरा स्थित छेरछेरा रिसॉर्ट में रखे गए जश्न-ए-जायका कार्यक्रम में भाग लेने शनिवार को पहुंचे डॉ. बांधी ने मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि शराब के चलते हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती और लड़ाई झगड़े के केस होते हैं, जबकि गांजा-भांग पीने वाले ऐसा नहीं करते।

डॉ. बांधी ने कहा कि शराबबंदी के लिए अभी जो समिति बनी है उसे चाहिए कि वह शराब बंद कर गांजा और भांग के नशे को बढ़ावा देने की सिफारिश करे।

## जंगली हाथियों के दल ने महिला को उतारा मौत के घाट,दहशत में ग्रामीण



रायगढ़ , 24 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है. आए दिन प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से इंसानों और जंगली हाथियों के बीच द्वन्द की खबरें सामने आते रहती है. ऐसा ही एक घटना प्रदेश के रायगढ़ जिले से सामने आई है जहां रविवार को एक महिला को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला है. मामला घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के बटुराकछार गांव है. इस घटना के बाद इलाके के ग्रामीण दहशत में है.

ग्रामीणों के अनुसार महिला तड़के सुबह अपने खेत में काम करने गई हुई थी, इसी बीच हाथियों के झुंड से उसका सामना हो गया. जब तक महिला कुछ समझ पाती तब तक हाथी का दल उग्रता के साथ आक्रामक रुप अख्तियार करके हमला कर दिए. जिससे उसकी मौत हो गई. घरघोड़ा वन अमले को ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी है जहां हाथी सहायता केंद्र रायगढ़ की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है।

## माध्यमिक शाला गोरेगांव में छात्र परिषद का गठन

नगरी, 24 जुलाई 2022। शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव में विगत दिनों छात्र परिषद का गठन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री कक्षा आठवीं के छात्र मनीष कुमार यादव कक्षा आठवीं से कुमारी रागिनी ध्रुव उप प्रधानमंत्री बने ।शिक्षा मंत्री राघवेंद्र साहू ,खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री राज कुमार नाग व लीस्मा यादव , स्वास्थ्य मंत्री चिंतामणि यादव, सुरक्षा एवं कानून मंत्री लक्ष्य कुमार मंडावी, अनुशासन मंत्री भानुप्रिया मंडावी ,कृषि बागवानी उद्यानिकी पर्यावरण मंत्री कुमारी मोनिका ध्रुव, देवेश कुमार ध्रुव पुस्तकालय प्रभारी मंत्री यश कुमार ध्रुव, स्वच्छ विद्यालय मंत्री तुषार साहू ,जेतेश्वर साहू मध्यान भोजन प्रभारी राजीव ध्रुव ,कु भाग्यश्री निषाद प्रधानपाठक कार्यालय मंत्री कु याचना साहू व कक्षा नायक आठवीं कुमारी गीतांजलि निषाद व उप कक्षा नायक प्रवीण कुमार ध्रुव ,कक्षा सातवीं कक्षा नायक दिवाकर साहू उप कक्षा नायक कुमारी तनुजा ध्रुव कक्षा छठवीं कक्षा नायक पॉपुलर ध्रुव ,उप कक्षा नायक कुमारी लिसा चुने गए।

प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ने बताया कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से परिचय कराने एवं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास विकसित करने के लिए शाला में छात्र परिषद का गठन निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार कोसरिया के निर्देशन में किया गया ।निर्वाचित चुने गए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ने दिलाई गई।

राजधानी में खूनी खेलः

## नाबालिग लड़की ने सड़क से हटने के लिए मारा हॉर्न,नहीं हटा तो चाकू से वार कर मूकबधिर युवक को उतारा मौत के घाट



रायपुर, 24 जुलाई 2022। राजधानी के कंकालीपारा इलाके से चाकूबाजी का मामला सामने आया है. जहां एक नाबालिग लड़की ने मामूली विवाद पर चाकू से वार कर हत्या कर दी है. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार है. पुलिस हत्या के आरोपी की तलाश में जुटी है.

जानकारी के मुताबिक, दोपहर 1 बजे के आस-पास कंकाली पारा इलाके में नाबालिग लड़की अपनी मां के साथ एक्टिवा से जा रही थी. इस दौरान कुछ दूर आगे साधुराम लदेर नामक युवक अपनी साइकिल लेकर खड़ा था. आरोपी लड़की युवक को हॉर्न मारा, लेकिन सामने से नहीं हटने पर नाबालिग लड़की आवेश में आ गई और चाकू से गर्दन रेत दी. गंभीर घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई.

पूरी वारदात के बाद तफ्तीश में जानकारी सामने आई कि मृतक युवक मूकबधिर है. साधुराम लदेर न तो बोल पाता है, और न ही सुन पाता है. जिसके कारण युवक गाड़ी का हॉर्न नहीं सुन पाया था. हालांकि पुलिस ने नाबालिग लड़की को मंदिर हसौद इलाके से गिरफ्तार कर लिया है. आजाद चौक थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल के मुताबिक, कंकाली पारा इलाके में युवक के गर्दन पर चाकू से हमला करने की सूचना प्राप्त हुई है. पुलिस को सूचना मिलते ही नाबालिग आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है. आरोपी के विरुद्ध हत्या की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ.महंत ने स्व.बिसाहू दास महंत की मूर्ति का किया अनावरण



रायपुर, 24 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नगर पंचायत पेंड्रा में हाई स्कूल स्वीमिंग पुल के सामने स्व. श्री बिसाहू दास महंत की मूर्ति का अनावरण किया। स्व. श्री बिसाहू दास महंत कुशल राजनीतिज्ञ थे, वे अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मंत्रिमंडल में मंत्री रहे। स्व. श्री बिसाहू दास महंत की 23 जुलाई को 44 वीं पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उन्हें स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी मूर्ति का अनावरण किया।

डॉ. महंत ने इस अवसर पर जिले मे लगभग 3 करोड़ रूपए की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। लोकार्पण में 19 लाख 11 हजार रूपए की लागत के नरवा-गरूवा-घुरवा-बारी योजना के तहत गौठान निर्माण कार्य और भूमिपूजन के कार्यों में नगर पंचायत पेण्ड्रा के विभिन्न वार्डों में 2 करोड़ 80 लाख 70 हजार रुपए की लागत के आर.सी.सी. नाली और सी.सी. रोड निर्माण कार्य शामिल है।

इस अवसर पर डॉ. महंत ने कहा कि हम बाबूजी के बताए मार्गों का अनुसरण करते हुए जनसेवा का कार्य रहे हैं। उन्होंने जिले वासियों को छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधित करते हुए कहा कि हमारे परिवार का संबंध शुरू से ही पेंड्रा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके पिताजी स्व. बिसाहू दास महंत 1949-50 के दौरान चांपा में देवांगन परिवार के यहां किराए में रहते थे, जिस कारण वे कोसा उत्पादन और विक्रय से संबंधित समस्याओं से अवगत थे। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद कोसा कपड़ों के व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य किया। डॉ. महंत ने कहा कि स्व. श्री बिसाहू दास महंत बांगो डैम के स्वप्न दृष्टा थे और बांगो डैम के निर्माण के बाद ही कोरबा जिले में बिजली उत्पादन, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ आदि जिलों में सिंचाई सुविधा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोबर, गोमूत्र खरीदी, पोषण आहार आदि अन्य योजनाओं के माध्यम से प्रदेश का विकास करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

राजस्व मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि स्व. श्री बिसाहू दास महंत आज भी क्षेत्रवासियों के दिलों में जीवित है। आज का दिन गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले वासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है। जिले में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया है। उन्होंने कहा कि स्व. श्री बिसाहू दास महंत के कारण ही कोरबा जिले में उद्योग धंधों का विकास हुआ और उनकी प्रेरणा से ही आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत सहित हम सभी उनके बताए मार्गों पर चलकर क्षेत्र का लगातार विकास करने का प्रयास कर रहे हैं।

कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि स्व. श्री बिसाहू दास महंत राजनीति में बड़े नेता, मंत्री होने के बाद भी एक किसान की तरह, एक सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन व्यतीत करते थे। उन्होंने सादगीपूर्ण, निःस्वार्थ भाव से अपना पूरा जीवन जनसेवा में लगाया और जनता ने हमें उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का अवसर दिया इसके लिए उन्होंने जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी इंसान को यदि कोई मंच या अवसर मिलता है तो उसका उद्देश्य जनसेवा होना चाहिए।

मरवाही विधायक डॉ. के.के. ध्रुव ने कहा कि स्व. श्री बिसाहू दास महंत ने अनेक सामाजिक कार्य किए हैं और उनके द्वारा समाज के विकास के लिए किए गए कार्य हम सभी के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम को नगर पंचायत पेंड्रा अध्यक्ष श्री राकेश जालान ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित श्री भारती बंधु द्वारा कबीर भजन का भव्य कार्यक्रम भी किया गया। जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके साथ ही इस अवसर पर ग्राम कुडकई के पंडित राजेंद्र पांडेय के स्वर में बनाए गए गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की महानता पर आधारित हमार जिला महान गीत का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक श्री शैलेश पांडेय, भरतपुर विधायक और संसदीय सचिव श्री गुलाब कामरो, पाली-तानाखार विधायक श्री मोहित केरकेट्टा, अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण श्री सुभाष धुप्पड़, अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते अध्यक्ष जनपद पंचायत गौरेला सुश्री ममता पैकरा, अध्यक्ष नगर पंचायत गौरेला श्रीमती गंगोत्री राठौर, जनपद पंचायत मरवाही अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह मरावी सहित जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला, अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)